

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

**सब पर नजर, सटीक खबर**

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com | शनिवार, 19 सितंबर 2026 | वर्षः 04, अंकः 179 पृष्ठः 08, मूल्यः 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# पश्चिम बंगालः चुनाव आयोग पर भड़कीं ममता बनर्जी

## ममता के समर्थन के 2 घंटे बाद कांग्रेस कैंडिडेट गिरफ्तारः नंदीग्राम उपचुनाव से ममता की कैंडिडेट भी पीछे हटीं

**नई दिल्ली/एजेंसी**
पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव चिह्न को लेकर चुनाव आयोग के अंतरिम फैसले पर पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नाराजगी जताई है। चुनाव आयोग ने आगामी उपचुनाव में दोनों टीएमसी गुटों को पार्टी के नाम और फूल-घास चुनाव चिह्न के इस्तेमाल से रोक दिया है। ममता बनर्जी ने इस फैसले को असंवैधानिक बताया है।

**आयोग और भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप**

ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग के फैसले को असंवैधानिक, गैरकानूनी और अलोकतांत्रिक बताया है। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के उपचुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव चिह्न पर रोक लगा दी है। ममता बनर्जी ने कहा, "हम संवैधानिक पद का सम्मान नहीं करते ऐसा नहीं है, लेकिन हमें लगता है कि आज हमारे लोकतांत्रिक इतिहास का काला दिन है। हमारे देश में जो हो रहा है, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, असंवैधानिक, गैरकानूनी और अलोकतांत्रिक है। यह एक राजनीतिक दल के अहंकार को संतुष्ट करने के लिए पूरी तरह पक्षपातपूर्ण बदले की कार्रवाई है। उन्होंने आगे कहा, उन्होंने पहले ही कह दिया था कि नाम भी नहीं रखने दूंगा और निशान भी नहीं रखने दूंगा। ये लोग कौन हैं? आज वे सत्ता में हैं, कल सत्ता में नहीं भी हो सकते हैं। उन्हें अपनी सीमाएं समझनी चाहिए।

**भाजपा ने एआई का इस्तेमाल करके मतदाताओं के नाम हटाएः ममता**

चुनाव आयोग द्वारा टीएमसी के असली नाम और फूल और घास वाले चुनाव चिह्न को फ्रीज करने के फैसले के बाद ममता बनर्जी ने भाजपा पर नया हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने मतदाताओं के नाम हटाने के लिए एआई का इस्तेमाल किया। 'वोट की चोरी' पर बात करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, यह बहुत दुख की बात है। उन्होंने बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा और बंगाल में लूट की। यह 'झूठी भाजपा पार्टी', एक 'जुमला पार्टी' है... इसका काम देश में लोकतंत्र, संविधान और शिक्षा व्यवस्था को खत्म करना है। पत्रकारों को भी नहीं बख्शा जाता, अगर कोई उनके खिलाफ बोलता है, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता ह





### ममता गुट को मिला 'फुटबॉल प्लेयर' सिंबल; 'लिफाफा' चिह्न पर चुनाव लड़ेगा अरूप रॉय गुट

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने मूल तृणमूल कांग्रेस के नाम और उसके चुनाव चिह्न पर रोक लगाने के बाद, अब दोनों गुटों को नई आधिकारिक पहचान सौंप दी है। ममता के नेतृत्व वाले गुट को 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम आवंटित किया गया है और आगामी चुनावी मैदान में वे 'फुटबॉल खिलाड़ी' के चुनाव चिह्न के साथ उतरेंगे।




ममता गुट का नया नाम ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेसः चुनाव आयोग के आदेश के बाद दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों को 18 सितंबर की सुबह तक अपने-अपने लिए तीन नए नाम और चुनाव चिह्न के विकल्प सौंपने का निर्देश दिया गया था। ममता ने इस फैसले पर अपनी कड़ी आपत्ति जताते हुए रात को अपने विकल्प आयोग को सौंपे थे। पीटीआई के अनुसार, चुनाव आयोग ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट के नए नाम पर अपनी मुहर लगा दी है। ममता गुट को अब आधिकारिक तौर पर 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' का नाम दिया गया है। ममता बनर्जी की पार्टी अब फुटबॉल खिलाड़ी के चुनाव चिह्न पर मैदान में उतरेगी। अरूप गुट को मिला 'लिफाफा' चुनाव चिह्नः वहीं दूसरी तरफ, अरूप रॉय के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी गुट को भी चुनाव आयोग द्वारा एक नई राजनीतिक पहचान दी गई है।

## वोट चोरी के बाद अब पार्टी चोरीः राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को लेकर निर्वाचन आयोग के फैसले पर हमला बोला। निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के उपचुनावों के दौरान तृणमूल कांग्रेस के दोनों विरोधी गुटों को पार्टी का नाम और 'फूल और घास' चुनाव चिह्न इस्तेमाल नहीं करने का निर्देश दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि निर्वाचन आयोग की सांविधानिक जिम्मेदारी लोगों के जनादेश की रक्षा करना है। लेकिन इसके बजाय आयोग उन्हीं ताकतों की मदद कर रहा है, जो जनता के फैसले को पलटती हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पहले शिवसेना, फिर एनसीपी और अब तृणमूल कांग्रेस। हर बार एक ही तरीका अपनाया जाता है। भाजपा और निर्वाचन आयोग मिलकर एक पार्टी को बांटने के लिए साथ आते हैं। फिर उसका चुनाव चिह्न छीन लिया जाता है। राहुल गांधी ने कहा, जब एक पूरी पार्टी ही चुराई जा सकती है, तो यह हैरानी की बात नहीं है कि करोड़ों भारतीयों के वोट भी चुराए जा सकते हैं।



### किरेन रिजिजू ने कांग्रेस को कहा भस्मासुर

**राजनीतिक** दलों को तोड़ने के आरोपों पर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। मामले को लेकर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और वरिष्ठ भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस को अपने पुराने फैसलों और इतिहास को देखने की नसीहत दी है।
दिल्ली में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस जो बातें अपने लिए कहनी चाहिए, वे भाजपा पर मढ़ रहे हैं। रिजिजू ने कांग्रेस पार्टी की तुलना 'भस्मासुर' से की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसा भस्मासुर है, जो अपने संपर्क में आने वाली हर राजनीतिक पार्टी को भस्म कर देती है। रिजिजू ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और एनसीपी जैसी पार्टियां कांग्रेस से ही निकली हैं। खुद कांग्रेस भी किसी अन्य दल से टूटकर बनी थी। उन्होंने कहा कि पार्टियों को तोड़ने और नुकसान पहुंचाने का काम हमेशा कांग्रेस ने किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। यह सफलता किसी पार्टी को तोड़कर हासिल नहीं की गई है।

# राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह ने ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ आजादी की अलख जगाई : मुख्यमंत्री

**भोपाल/एजेंसी**
मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन से पहले अपनी कलम और कविताओं के बल पर प्रदेश के जनजातीय महानायक अमर शहीद राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह ने ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ अलख जगाई थी। अंग्रेजों के दमन के विरोध में उस समय में जो काम तलवार नहीं कर पाई, वह राजा शंकर शाह की लेखनी ने कर दिखाया। उनके लिखे गीतों ने जनता के बीच आजादी की ललक और अलख जगा कर नयी ऊर्जा का संचार किया। वे देश और धर्म को साथ लेकर चले। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को जबलपुर में जनजातीय महानायक राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वभाषा-स्वधर्म-रचनात्मकता और साहित्य की साधना के प्रति राजा रघुनाथ शाह के समर्पण के कारण स्थानीय जन में उनके प्रति बहुत अधिक श्रद्धा थी। उनके बेटे कुंवर रघुनाथ शाह भी कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़े रहे। देखते ही देखते अंग्रेजी सरकार की जड़े हिल गईं। ब्रिटिश सैनिकों ने दोनों को बंदी बना लिया और उनके सामने महारानी की। अधीनता स्वीकार करने और धर्म बदलने की शर्त रखी।



4



1

# कल्याणपुर पुलिस ने विद्युत तार चोरी के मामले में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

## पिकअप में लदा 700 किलो एल्युमीनियम तार, दो कार, कटर और खंभे पर चढ़ने वाली लोहे की चप्पल बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** कल्याणपुर थाना पुलिस ने विद्युत लाइनों से तार चोरी के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त महिंद्रा पिकअप में लदा करीब 700 किलोग्राम एल्युमीनियम विद्युत तार, दो कारें, तार काटने वाले दो कटर तथा खंभे पर चढ़ने वाली एक जोड़ी लोहे की चप्पल बरामद की है। इसके अलावा आरोपियों के पास से तीन एंड्रॉइड और एक कीपैड मोबाइल फोन तथा 1,140 रुपये नकद भी बरामद हुए हैं।

पुलिस के अनुसार, 13 सितंबर 2026 को विद्युत उपकेंद्र बिंदकी रोड द्वितीय के अवर अभियंता सुंदरम सिंह यादव ने कल्याणपुर थाने में तहरीर देकर बताया था कि ग्राम गंगौली के बाहर ग्रामीण फीडर के लिए निमार्णाधीन 11 केवी लाइन तथा महरहा-बिंदकी मार्ग से जुड़ी 33 केवी लाइन के तार अज्ञात चोरों ने रात में काटकर चोरी कर लिए। चोरों ने करीब 17 पोलों की 11 केवी लाइन और 13 पोलों की 33 केवी लाइन के तार काटे थे। इस दौरान तीन विद्युत पोल भी क्षतिग्रस्त हुए थे।

पुलिस के मुताबिक घटना से विद्युत




विभाग की करीब 960 मीटर लंबी 33 केवी लाइन में लगे लगभग 2,800 मीटर डॉग कंडक्टर तथा करीब एक किलोमीटर लंबी 11 केवी लाइन में लगे लगभग 3,300 मीटर विद्युत तार प्रभावित हुए थे।

पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत कल्याणपुर पुलिस ने विवेचना के दौरान 18 सितंबर 2026 को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुमित कुमार धानूक निवासी शक्तिनगर शुक्लागंज, थाना गंगाघाट, उन्नाव, शिवांशू गुप्ता उर्फ लकी गुप्ता निवासी पोनी रोड, थाना शुक्लागंज, उन्नाव और राजेश पटेल निवासी ग्राम बगहा, थाना बीघापुर, उन्नाव के रूप में हुई है।

ठेकेदारी की आड़ में रेकी का आरोप पुलिस की पूछताछ में राजेश पटेल ने बताया कि वह निजी विद्युत ठेकेदारी का काम करता है और विभिन्न स्थानों पर विद्युत लाइन निर्माण का कार्य कर चुका है। इसी कारण उसे विद्युत लाइनों, ग्रिड शटडाउन और तारों की तकनीकी जानकारी थी। पुलिस के अनुसार, वह सुनसान स्थानों पर विद्युत लाइनों की रेकी कर चोरी के लिए उपयुक्त स्थान और आने-जाने के रास्ते चिन्हित करता था। इसके बाद निजी मजदूरों को विद्युत लाइन उतारने के काम का झांसा देकर साथ ले जाता और उनकी मदद से पोलों पर चढ़कर तार कटवाता था।

## कप्तान ने परेड की सलामी लेकर अनुशासन, दक्षता एवं व्यवस्थाओं का किया गया निरीक्षण

**स्वाती मिश्रा**
**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण द्वारा शुक्रवार पुलिस लाइन कौशाम्बी में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई। तत्पश्चात उन्होंने टोलीवार परेड का निरीक्षण कर उपस्थित पुलिसकर्मियों के टर्नआउट, अनुशासन एवं कार्यकुशलता का अवलोकन



किया। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों को दौड़, पीटी एवं टोलीवार ड्रिल कराकर उनकी शारीरिक दक्षता एवं अनुशासन का परीक्षण किया गया।
परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित मेस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता एवं साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया गया। इसके साथ ही गणना कार्यालय, विभिन्न शाखाओं, डीसीआर, शस्त्रागार, डायल-112 कार्यालय, परिवहन शाखा, प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय, *डॉग स्क्वैड* तथा पुलिस बैरकों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने डॉग स्क्वैड की कार्यप्रणाली एवं उपलब्ध संसाधनों का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही परिसर में स्वच्छता, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, अनुशासन एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश प्रदान किए।

## 114 पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**सबसे तेज प्रयागराज कौशांबी।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण के आदेश के क्रम में पुलिस लाइन कौशाम्बी स्थित मनोरंजन गृह में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में मेडिसिन विभाग की डॉ0 संध्या खरें, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ0 पवन कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ0 मृदुला रंजन, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ0 आजम अली, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ0 सौरभ मिश्रा, पैथोलॉजी विभाग के डॉ0 सतीश कुमार, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ0 अनुप्रिया तथा दंत चिकित्सा विभाग की डॉ0 रिचा डोकानिया द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया।
इस दौरान पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने, संतुलित खान-पान एवं दैनिक दिनचर्या पर ध्यान देने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या को नजरअंदाज न करने तथा आवश्यकता पड़ने पर समय से चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी गई।
पुलिस कर्मियों की ड्यूटी की प्रकृति एवं कार्य की व्यस्तता को देखते हुए उनके स्वास्थ्य एवं फिटनेस का विशेष महत्व है। इसी क्रम में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी सत्यनारायण, अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्रीमती अमिता सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन जनेश्वर प्रसाद पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक कौशाम्बी देवपाल सहित जनपद के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गणेश चतुर्थी शोभायात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट

**संजीव विश्वकर्मा**
**बिजनौर,** स्योहारा थाना क्षेत्र मे श्री गणेश चतुर्थी महा उत्सव एवं शोभायात्रा को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में क्षेत्र के धर्मगुरुओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।
बैठक में उपजिलाधिकारी धामपुर, पुलिस क्षेत्राधिकार एवं थाना अध्यक्ष ने क्षेत्र के धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य लोगों के साथ आगामी गणेश चतुर्थी महा उत्सव एवं शोभायात्रा को लेकर विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों ने आयोजन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारा कायम रखने तथा किसी



भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की।
अधिकारियों ने कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में उच्च अधिकारियों एवं शासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों और गाइडलाइन से सभी उपस्थित लोगों को अवगत कराया गया। साथ ही शोभायात्रा के दौरान निर्धारित नियमों का पालन करने तथा प्रशासन का सहयोग करने के निर्देश दिए गए।
धर्मगुरुओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भी क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने में प्रशासन को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता या नियमों का उल्लंघन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
में गणेश चतुर्थी महा उत्सव एवं शोभायात्रा को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक में धर्मगुरुओं एवं जनप्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते उपजिलाधिकारी एवं थाना अध्यक्ष।

## पुलिस लाइन में मेडिकल कैंप का आयोजन, पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी** । पुलिस लाइन कौशाम्बी में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श हेतु मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया,इस दौरान पुलिस अधीक्षक



सत्यनारायण व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें।
मेडिकल कैंप के दौरान चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा पुलिस कर्मियों तथा उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान विभिन्न स्वास्थ्य मानकों की जांच करते हुए चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के संबंध में आवश्यक परामर्श एवं चिकित्सकीय सुझाव दिए गए।
मेडिकल कैंप में उपस्थित पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने, खान-पान एवं दैनिक दिनचर्या पर विशेष ध्यान देने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में भी जागरूक किया गया। चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को नजरअंदाज न करने तथा आवश्यकता पड़ने पर समय से चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी गई।
पुलिस कर्मियों की ड्यूटी की प्रकृति को देखते हुए उनके स्वास्थ्य एवं शारीरिक-मानसिक फिटनेस का विशेष महत्व है। इसी क्रम में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेडिकल कैंप आयोजित किया गया।मेडिकल कैंप के माध्यम से पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ समय पर स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

## दुष्कर्म का आरोपी खुलेआम घूमने का आरोप, पीड़िता ने पुलिस पर लगाया मिलीभगत का आरोप

**लालगोपालगंज, प्रयागराज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के दानियालपुर गांव निवासी एक पीड़िता ने स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद दुष्कर्म का आरोपी खुलेआम घूम रहा है और पुलिस द्वारा उसकी गिरफ्तारी नहीं की जा रही है।
पीड़िता के अनुसार, दानियालपुर निवासी दो युवकों द्वारा उसे कथित रूप से कार में अगवा कर सुनसान स्थान पर ले जाया गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। मामले में पीड़िता की तहरीर पर नवाबगंज पुलिस ने वीरेंद्र कुमार अग्रवाल तथा एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।
पीड़िता का आरोप है कि मुकदमा दर्ज हुए करीब तीन माह बीत चुके हैं, लेकिन अब तक नामजद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। साथ ही, पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसका न्यायालय में धारा 164 के तहत बयान भी दर्ज नहीं कराया गया। पीड़िता ने स्थानीय पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं।
पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपी पक्ष द्वारा मुकदमे में समझौता करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। समझौता न करने पर जानमाल की धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है। इससे पीड़िता और उसके परिजनों में भय का माहौल बताया जा रहा है।
पीड़िता ने उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपी की गिरफ्तारी, बयान दर्ज कराने तथा धमकी देने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## जमीन कब्जेदारी विवाद में मारपीट और फायरिंग, पांच आरोपी गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के हसवां हाईवे स्थित पीएनसी गोदाम के पास जमीन की कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, गाली-गलौज और फायरिंग के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी 12 बोर SBBL गन, तीन जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और दो वाहन बरामद किए हैं।
पुलिस के अनुसार, 16 सितंबर 2026 को हसवां हाईवे पर पीएनसी गोदाम के पास जमीन पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। इस दौरान मारपीट और गाली-गलौज के साथ जान से मारने की नीयत से फायरिंग किए जाने की सूचना मिली थी।
पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी थरियांव के पर्यवेक्षण में थाना पुलिस ने विवेचना के दौरान कार्रवाई करते हुए 17 सितंबर को पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।
गिरफ्तार आरोपियों में रिंकू सिंह लोहारी उर्फ अजय सिंह, निवासी लोहारी थाना हुसैनगंज, हाल पता आवास विकास कॉलोनी थाना कोतवाली फतेहपुर; बलराम मिश्रा, निवासी सेवरामऊ थाना गाजीपुर; पुत्तू उर्फ नरेन्द्र, निवासी खलीलपुर अब्दुल्लापुर घूरी थाना थरियांव; गुड्डू पटेल, निवासी सैनीपुर मलौनी थाना मलवां तथा शिवकुमार, निवासी मसवानी थाना कोतवाली फतेहपुर शामिल हैं।
पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रिंकू सिंह लोहारी उर्फ अजय सिंह की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 12 बोर की SBBL गन (नंबर 205715), तीन जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया। विवेचना में गन आरोपी के नाम लाइसेंसी पंजीकृत होना पाया गया। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो और महिंद्रा वश-500 वाहन भी बरामद किए गए।
वहीं रिंकू सिंह लोहारी उर्फ अजय सिंह के खिलाफ इन धाराओं के अतिरिक्त आर्म्स एक्ट की धारा 27(1) और 30 के तहत भी विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई सम्पन्न



सबसे तेज प्रयागराज
बहरिया।शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय रुहेरा के खेल के मैदान में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी बहरिया लाल जी शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि अंशु तिवारी और विष्णु कांत एआरपी बहरिया थे । समस्त खेल प्रतियोगिता ब्लॉक व्यायाम शिक्षिका संगीता सिंह के निर्देशन में हुई।
50 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में चंचल साधोपुर, बालक वर्ग में रामकुमार गारापुर, 100 मीटर दौड़ बालिका में प्रतिज्ञा लखरावा, बालक वर्ग में रामकुमार। जूनियर वर्ग 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में राधिका, बालक में आयुष। 200 मीटर में दौड़ बालिका वर्ग में साक्षी, बालक वर्ग में रोहित। उच्च प्राथमिक विद्यालयों के खो खो में बालक वर्ग में सिसई सिपाह की टीम और बालिका वर्ग में मीरकपुर की टीम विजेता रही।इसी तरह से कबड्डी में बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय गारापुर और बालक वर्ग में कंपोजिट विद्यालय बलकरनपुर विजेता रही ।इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से शिक्षक संघ के ब्लॉक महामंत्री मनीलाल, प्रभाकर मिश्रा, संध्या जायसवाल, रेनू पांडेय, मृणालिनी, श्वेता निर्मल, नरेंद्र ,अमर बहादुर पटेल, अंजनी शर्मा, शशिकांत, उदय प्रताप व अर्चना सिंह आदि रहे। विजयी खिलाड़ियों को खंड शिक्षा अधिकारी लाल जी शर्मा ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर उनका मनोबल बढ़ाया।

## कप्तान ने पुलिस कर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रखने हेतु दौड़ कराई

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** एसपी अभिमन्यु मांगलिक, द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड, जनपद फतेहपुर में शुक्रवार साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी/कर्मचारीगण, यातायात



शाखा तथा पुलिस लाइन में नियुक्त कर्मचारीगण सम्मिलित रहे।
पुलिस कर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रखने हेतु दौड़ कराई गई। परेड के दौरान अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से टोलीवार ड्रिल को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परेड के उपरांत एसपी द्वारा पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्ड, परिवहन शाखा तथा पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात भोजनालय में भोजन कर भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई तथा संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके उपरांत एसपी द्वारा साप्ताहिक अर्दली रूम के दौरान विभिन्न रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन सहित अन्य अधिकारीगण मौके पर उपस्थित रहे।

## दहेज हत्या में से वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज कौशांबी।** 14 सितंबर को थाना पश्चिम शरीरा पर वादी दिलीप कुमार मिश्र पुत्र स्व0 प्रेमनारायण निवासी ग्राम चौराडीह थाना चरवा जनपद कौशाम्बी द्वारा सूचना दी गयी कि उनकी पुत्री की शादी लगभग 06 वर्ष पूर्व गोराजू थाना पश्चिम शरीरा निवासी बुद्धनारायण पाठक के साथ हुई थी, विवाह के बाद से ही उसके पति व अन्य परिजन अतरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे न मिलने पर सभी लोगों ने मेरी पुत्री की हत्या कर दी है । शुक्रवार को थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त बुद्ध नारायण पाठक पुत्र स्व० विजय नारायण पाठक निवासी गोराजू थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी को बाकरगंज ईट भट्ठा के पास से गिरफ्तार किया गया ।

## ग्रामीणो ने बिजली कटौती पर उपकेंद्र का किया प्रदर्शन



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बहरिया।** बिजली कटौती के विरोध में उपभोक्ताओं ने शुक्रवार को उपकेंद्र सिकंदरा पर प्रदर्शन किया और नियमित बिजली आपूर्ति की मांग करते हुए अवर अभियंता को ज्ञापन सौंपा। सिकंदरा उपकेंद्र के 85 गांवों की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। रात में की जा रही भीषण कटौती से करीब एक माह से उपभोक्ता बिजली संकट से जूझ रहे हैं। लगातार चार से 6 घंटे भी बिजली मिलना मुश्किल हो गया है। बारिश के मौसम में अंधेरे में जहरीले जीव जंतुओं का खतरा बढ़ गया है। वहीं बच्चों की पढ़ाई भी चौपट हो रही है। बिजली के अभाव में जल निगम के पंप ठप हैं। जिससे लोगों को पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा है। शुक्रवार को दोपहर में लोग उपकेंद्र पर तख्ती पोस्टर लेकर पहुंचे और उपकेंद्र का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। उपभोक्ताओं ने ज्ञापन सौंप कर शासन से निर्धारित 18 से 20 घंटे की आपूर्ति बहाल करने की मांग करते हुए अवर अभियंता वीरेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन करने में मुख्य रूप से रावेंद्र मिश्र, नीरज प्रजापति, नवीन यादव, संदीप यादव, जय सिंह पटेल, संदीप मौर्य, अंकित मौर्य, बाबा पांडेय, रोहित तिवारी, सुनील मौर्य, रुपनाथ यादव, पप्पू यादव, शुभम पटेल, मानस मिश्रा, आदर्श अंकित यादव, राजेश पटेल, राज कुमार पटेल, राज कुमार मौर्य, लालचंद, सचिन यादव, विनोद प्रजापति, नीरज प्रजापति, सगर पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# केंद्र सरकार द्वारा यूपीआई पर लगाए गए टैक्स के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**ब्यूरो चीफ सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** केंद्र सरकार द्वारा यूपीआई भुगतान व्यवस्था के सम्बन्ध में नया शुल्क ढांचा लागू किए जाने के विरोध में मंझनपुर में जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में प्रदर्शन के माध्यम से जिलाधिकारी कौशाम्बी के द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि भले ही यह चार्ज व्यापारियों पर लगाया गया है,लेकिन अंततः इसका पूरा बोझ दुकानदारों द्वारा सामान के दाम बढ़ाकर आम उपभोक्ताओं पर ही डाला जाएगा, जिससे कैशलेस इकोनॉमी को नुकसान पहुंचेगा इसी क्रम में




उन्होंने ने अपने शब्दों में कहा कि पहले लोगों को डिजिटल भुगतान की आदत लगाई गई और अब सरकार इस तरह के शुल्क लगाकर जनता की "जेब कतरने" का काम कर रही है। वर्तमान भाजपा सरकार देश की जनता को गुमराह कर रही है और उनपे अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रही है आज हम सभी कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को चेताया कि यह नया वढक नियम तत्काल प्रभाव से वापस लें कांग्रेस पार्टी हर छोटे बड़े व्यापारियों की इस लड़ाई में उनके साथ मजबूती से खड़ी है।
प्रदर्शन में मुख्य रूप से.....
पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्याम मूर्ति तिवारी,आशीष मिश्रा पप्पू,कौशलेश द्विवेदी, नैय्यर रिजवी रामसूरत रैदास, उदय यादव,जिला महासचिव श्याम सिंह भदौरिया,आसिफ अल्वी,जिला सचिव हेमन्त रावत, जयप्रकाश जायसवाल,रमेश यादव,सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव,ब्लाक अध्यक्ष सिराथू प्रियांशू त्रिपाठी, ब्लाक अध्यक्ष कड़ा रफीक अहमद, जितेन्द्र शर्मा,नगर अध्यक्ष मंझनपुर संगीता कोरी,नगर अध्यक्ष अझुवा विजय यादव,नौशे आलम,आयूष यादव,हर्ष पंडा,विकास पासी,अवधेश कुमार,संदीप कुमार,नाथन लाल,छोटे लाल, बिफई लाल,सुनील कुमार, गहेंद्र तिवारी,राजकुमार यादव,शान्ति देवी,मीना देवी,गोकुल यादव,बलवंत सिंह,गोपाल पाल,रोशन पासी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम ने खराब प्रगति पर जिला पंचायत राज अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के दिए निर्देश

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने खराब प्रगति पर जिला पंचायत राज अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि, बैठक से अनुपस्थित रहने मत्स्य अधिकारी व महाप्रबंधक पराग एवं खराब प्रगति पर जिला विद्यालय निरीक्षक एवं 102 के नोडल अधिकारी को कारण बताओं नोटिस करने के निर्देश दिए है।

जिलाधिकारी ने यूपीसिडकों का कार्य खराब पाये जाने पर कार्रवाई हेतु शासन स्तर पर पत्र प्रेषित किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए रैकिंग में और अधिक सुधार लाये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को आंकड़ों की फीडिंग का कार्य समय से कराये जाने के निर्देश दिए है।

जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को सम्बंधित कार्यों में तेजी लाये जाने तथा अवमुक्त धनराशि को व्यय करते हुए उसके सापेक्ष कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी कार्य समयसीमा के उपरांत लम्बित पाया जायेगा, तो सम्बंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को रिसोर्स बढ़ाते हुए




युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने कहा कि बारिस का मौसम समाप्त हो रहा है, सभी कार्यदायी संस्थायें/विभाग निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। कहा कि कार्य में अनावश्यक देरी होने पर सम्बंधित की जिम्मेदारी तय की जायेगी।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से अपने-अपने विभाग की सभी योजनाओं की नियमित समीक्षा करने तथा जिन कार्यों में उनके स्तर से कार्यवाही अपेक्षित है, उनकी समीक्षा कराये जाने के निर्देश दिए है।

बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निर्माणकार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं होगी। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए बी व सी रैकिंग होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा कोई भी कार्य समय सीमा के पश्चात लम्बित न रहे, के निर्देश दिए है। उन्होंने जो कार्य समय सीमा के अन्तर्गत है, उन्हें गुणवत्ता के साथ तेजी से पूर्ण किए जाने तथा जिन परियोजनाओं में उचित कारणों से कार्य पूर्ण होने की समयसीमा को बढ़ाये जाने की आवश्यकता है, उनकी समयसीमा को बढ़ाये जाने हेतु सक्षम स्तर पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जो भी परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी है या आंशिकरूप से अपूर्ण है, उन्हें शीघ्रता से पूर्ण कराते हुए हैण्डओवर की कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर बी, सी व डी रैकिंग वाले विभागों की प्रतिदिन मानीटरिंग कराने के लिए कहा है। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागों के निम्न श्रेणी का प्रदर्शन करने वाली योजनाओं में उनके निम्न श्रेणी होने के कारणों के बारे में विस्तार से जानकारी ली और सभी को चेतावनी देते हुए श्रेणी में सुधार लाने और अगले माह उन्हें ए श्रेणी में लाये जाने के निर्देश दिए है, कहा कि अन्यथा सम्बंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने फीडिंग के कार्य में ढिलाई न बरतने के निर्देश दिए है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्रीमती उपमा पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 ए0के0 तिवारी, जिला विकास अधिकारी जी0पी0 कुशवाहा, परियोजना निदेशक भूपेन्द्र कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतोष कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री दिनेश सिंह सहित अन्य सभी सम्बंधित विभागों के

## सेवा संकल्प यात्रा का विधायक फूलपुर ने सहसों में किया भव्य स्वागत,



**सबसे तेज प्रयागराज सहसों (प्रयागराज)।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वाराणसी से वडनगर तक निकाली जा रही बाइक सेवा यात्रा का सहसों में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। फूलपुर विधायक दीपक पटेल के नेतृत्व में स्थानीय कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने यात्रियों का अभिनंदन किया और उनके विश्राम, भोजन तथा अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की समुचित व्यवस्था कराई।

कार्यक्रम के दौरान विधायक दीपक पटेल ने सेवा संकल्प यात्रा के उद्देश्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन जनसेवा की भावना को मजबूत करते हैं और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाते हैं। सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के उपरांत विधायक ने यात्रा में शामिल सभी साथियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें अगले पड़ाव के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी ने बताया कि

इस अवसर पर भाजपा गंगापार के जिला संगठन और मंडल स्तर के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से जिला महामंत्री मनोज निषाद व अनिरुद्ध सिंह, जिला उपाध्यक्ष रोहित केसरी, पार्षद अरुण मिश्र, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नवीन पटेल, सहसों मंडल अध्यक्ष पुष्कर पटेल तथा फूलपुर मंडल अध्यक्ष अनिल मौर्य प्रधान संघ अध्यक्ष आदित्य सिंह, थानापुर की प्रधान विजय लक्ष्मी चंदेल, देवनहरी के प्रधान गुलाब तिवारी, भूपेंद्र मिश्र, आनंद त्रिपाठी, प्रहलाद सिंह, प्रमोद आजाद, संजय सिंह, अजय सिंह और शुभम मिश्र, भूपेन्द्र पांडेय सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यूपी के आठ NCR जिलों में प्रदूषण पर बड़ा अभियान

**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) से जुड़े जिलों में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार ने मिलकर व्यापक कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया है। शुक्रवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथऔर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के बीच हुई बैठक में ठउफसे जुड़े उत्तर प्रदेश के आठ जिलों में प्रदूषण नियंत्रण के उपायों की समीक्षा की गई। बैठक में खास तौर पर वाहनों से निकलने वाला धुआं, औद्योगिक प्रदूषण, सड़क की धूल और कचरा प्रबंधन जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

**चार प्रमुख क्षेत्रों पर रहेगा विशेष ध्यान**

नई कार्ययोजना में प्रदूषण के अलग-अलग स्त्रोतों को अलग-अलग तरीके से नियंत्रित करने की कोशिश की जाएगी। सरकार की चर्चा में मुख्य रूप से वाहनों का उत्सर्जन, औद्योगिक प्रदूषण, सड़क की धूल और ठोस कचरा प्रबंधन शामिल रहे। इन क्षेत्रों में सुधार के लिए संबंधित विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने की बात सामने आई है।

शहरी क्षेत्रों में सड़क की धूल भी वायु प्रदूषण का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत मानी जाती है। इसी को देखते हुए सड़कों की मशीनी सफाई और डीप क्लीनिंग के लिए भी कार्ययोजना तैयार की गई है। इसका उद्देश्य सड़कों पर जमा धूल को हटाकर हवा में उड़ने वाले धूलकणों को कम करना है।

**वाहनों और उद्योगों के प्रदूषण पर निगरानी**

NCR से जुड़े उत्तर प्रदेश के जिलों में बड़ी संख्या में वाहन चलते हैं। इसके अलावा कई औद्योगिक क्षेत्र भी मौजूद हैं। ऐसे में वाहनों से निकलने वाले धुएं और औद्योगिक इकाइयों से होने वाले उत्सर्जन को नियंत्रित करना योजना का अहम हिस्सा होगा।

सरकार की ओर से प्रदूषण के अलग-अलग स्त्रोतों की पहचान कर उनके अनुसार कार्रवाई करने पर जोर दिया जा रहा है। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि केंद्र और राज्य की एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय से प्रदूषण नियंत्रण की कार्रवाई को अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।

**सड़क की धूल रोकने के लिए मशीनी सफाई**

प्रदूषण नियंत्रण की कार्ययोजना में सड़क की धूल को कम करने के लिए मशीनी सफाई पर विशेष जोर दिया गया है। शहरों में सड़कों और प्रमुख मार्गों की नियमित सफाई के साथ उन स्थानों पर भी ध्यान दिया जाएगा जहां निर्माण कार्य, भारी यातायात या खुले में पड़े कचरे के कारण धूल अधिक उड़ती है।

मशीनी और गहन सफाई की कार्ययोजना तैयार होने से स्थानीय निकायों के स्तर पर सफाई व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित करने का प्रयास किया जाएगा।

**कचरा प्रबंधन भी योजना का हिस्सा**

वायु प्रदूषण को कम करने के लिए कचरा प्रबंधन को भी महत्वपूर्ण माना गया है। खुले में कचरा जलाने से निकलने वाला धुआं स्थानीय स्तर पर वायु गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। इसलिए कचरे के बेहतर संग्रह, निस्तारण और प्रबंधन पर भी ध्यान देने की आवश्यकता बताई गई है।

राज्य के NCR जिलों में शहरी निकायों की भूमिका इस अभियान में महत्वपूर्ण होगी। स्थानीय स्तर पर कचरा प्रबंधन, सड़क सफाई और निर्माण स्थलों से निकलने वाली धूल को नियंत्रित करने जैसे उपायों को आगे बढ़ाने की योजना है।

**लखनऊ में हुई महत्वपूर्ण बैठक**

यह समीक्षा बैठक शुक्रवार, 18 सितंबर 2026 को लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास पर हुई।

## कछुआ वन्य जीव विहार के इको-सेंसिटिव जोन के निर्धारण हेतु डीएम ने की बैठक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को एनआईसी कक्ष में कछुआ वन्य जीव विहार के इको-सेंसिटिव जोन के निर्धारण के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, प्रयागराज द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कछुआ वन्य जीव विहार के क्षेत्रफल एवं विस्तार, भौगोलिक स्थिति, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर दिए गए निदेशों तथा इको-सेंसिटिव जोन की अवधारणा, उसमें पाए जाने वाले वन्यजीवों एवं क्षेत्र की पारिस्थितिकी के संबंध में समिति के सदस्यों को विस्तृत




जानकारी दी गई।

बैठक में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बाढ़ खंड, उद्योग विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों से संबंधित विषयों एवं प्रस्तावित इको-सेंसिटिव जोन के संभावित प्रभावों तथा आवश्यक प्रबंधन उपायों पर विचार-विमर्श किया गया।

समिति में विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार एवं डॉ. प्रताप श्रीवास्तव द्वारा इको-सेंसिटिव जोन में मानवीय गतिविधियों के नियंत्रण, विनियमन एवं प्रबंधन के संबंध में अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए गए।

बैठक में विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत समिति द्वारा कछुआ वन्य जीव विहार के इको-सेंसिटिव जोन के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त करते हुए इसे आवश्यक कार्यवाही एवं अनुमोदन हेतु उच्च स्तर पर प्रेषित किए जाने की संस्तुति की गई।

अंत में जिलाधिकारी द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक को सधन्यवाद समाप्त किया गया।

## चार दिन हवालात में रखा डॉक्टर को, इंस्पेक्टर-विवेचक निलंबित

**हाई कोर्ट के आदेश पर हुई जांच में सामने आया मामला, इंस्पेक्टर पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** मेजा थाने में एक डॉक्टर को चार दिन तक रखने और इसके बाद गिरफ्तारी दिखाने के मामले में इंस्पेक्टर नितेंद्र कुमार शुक्ला और अतिरिक्त प्रभारी व विवेचक कमलेश यादव को निलंबित कर दिया गया है। हाई कोर्ट के आदेश पर हुई जांच में दोनों की भूमिका प्रथमदृष्टया संदिग्ध पाए जाने के बाद पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया ने यह कार्रवाई की। हाई कोर्ट ने इंस्पेक्टर पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है।

मेजा थाना क्षेत्र के सोनार का तारा ऊंचडीह में डा. कमलेश विश्वास उर्फ सुजल क्लीनिक चलाते हैं। पुलिस ने उन्हें फर्जी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के मामले में 15 अगस्त को क्लीनिक से पकड़ा था। इसके बाद उन्हें थाने में रखा गया और 19 अगस्त को गिरफ्तारी दिखाते हुए जेल भेज दिया गया।


मामला हाई कोर्ट पहुंचने पर कोर्ट के निर्देश पर पुलिस अधिकारियों ने पूरे प्रकरण की जांच की। जांच में सामने आया कि डॉक्टर को 15 अगस्त को पकड़े जाने के बाद चार दिन तक थाने में रखा गया था। डॉक्टर के अधिवक्ता के मुताबिक, क्लीनिक में लगे सीसीटीवी फुटेज में 15 अगस्त को सुबह 11:37:53 बजे उन्हें पकड़े जाने का समय दर्ज है, जबकि पुलिस ने गिरफ्तारी 19 अगस्त को दिखाई।

जांच एसीपी स्तर से कराई गई। इसमें इंस्पेक्टर नितेंद्र कुमार शुक्ला और विवेचक कमलेश यादव की भूमिका प्रथमदृष्टया संदिग्ध मिलने के बाद दोनों को निलंबित कर दिया गया। अधिवक्ता का कहना है कि हाई कोर्ट में दाखिल प्रार्थना पत्र में डॉक्टर को थाने लाए जाने और उनकी गिरफ्तारी दिखाए जाने के बीच के अंतर को प्रमुखता से उठाया गया था। जांच के बाद पुलिस विभाग ने दोनों अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की।

# पुरानी नियमावली व परीक्षा पैटर्न से भर्ती की मांग, चार अनशनकारियों को कफन ओढ़ाकर

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में रिक्त करीब 20 हजार पदों पर पुरानी नियमावली और पुराने परीक्षा पैटर्न के आधार पर टीजीटी-पीजीटी भर्ती का विज्ञापन जारी कराने की मांग को लेकर युवा मंच का आंदोलन शुक्रवार को 14वें दिन भी जारी रहा। देर शाम आंदोलनकारियों ने शिक्षा निदेशालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान चारों आमरण अनशनकारियों को कफन ओढ़ाकर परिसर में लिटाया गया। आंदोलनकारियों ने अपर शिक्षा निदेशक से शासन स्तर पर तत्काल पहल कर पुरानी नियमावली व परीक्षा पैटर्न के आधार पर भर्ती का विज्ञापन जारी कराने के लिए शिक्षा सेवा



चयन आयोग को निर्देश जारी कराने की मांग की। साथ ही नई नियमावली से जारी पीजीटी विज्ञापन तत्काल निरस्त कर पुरानी नियमावली के आधार पर नया विज्ञापन जारी करने की मांग उठाई।

युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि लंबे समय से अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया शुरू होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। नियमों में अचानक बदलाव से प्रदेश के सात लाख से अधिक अभ्यर्थी और उनके परिवार प्रभावित हो रहे हैं।

बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पूर्व निर्धारित नियमों और परीक्षा पैटर्न के अनुसार तैयारी कर रहे थे। ऐसे में सरकार को उनके हित में तत्काल निर्णय लेना चाहिए।

उन्होंने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंत्री से फोन पर वार्ता कर पूरे मामले में हस्तक्षेप करने और अभ्यर्थियों के हित में शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया गया है। अनिल सिंह ने कहा कि आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि भर्ती प्रक्रिया में समान अवसर और स्पष्टता की मांग को लेकर है।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में अभ्यर्थियों को समान अवसर मिलना चाहिए। सरकार को उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए पुरानी नियमावली और पुराने परीक्षा पैटर्न के आधार पर विज्ञापन जारी कर परीक्षा कराने की दिशा में तत्काल निर्णय लेना चाहिए। इससे लंबे समय से तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

युवा मंच ने शासन और शिक्षा विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर पुरानी नियमावली एवं पुराने परीक्षा पैटर्न के आधार पर टीजीटी-पीजीटी भर्ती का विज्ञापन जारी कराने की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है।

## हाईवे पर बाइक से स्टंट कर रहा युवक, बोलेरो ने मारी टक्कर

**स्टंट देख रहे शिक्षक की मौत, तीन घायल; हादसे के बाद बोलेरो छोड़कर भागा चालक**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**हंडिया** थाना क्षेत्र में बंगहा रेलवे फ्लाईओवर के पास शुक्रवार को हाईवे पर बाइक से स्टंट करना जानलेवा साबित हुआ। स्टंट कर रहा युवक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में पहुंच गया। इसी दौरान वाराणसी की ओर से प्रयागराज जा रही तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। इसके बाद बोलेरो सड़क किनारे खड़े स्टंट देख रहे लोगों की भीड़ में जा घुसी। हादसे में चार लोग घायल हो गए। अस्पताल ले जाने पर एक शिक्षक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

भदोही के ओझापुर निवासी आशीष जायसवाल (22) बंगहा क्रॉसिंग के पास बाइक से स्टंट कर रहा था। उसे देखने के लिए जौनपुर के सिकरारा निवासी शिक्षक संजय सिंह (55) अपने साथी शिक्षक प्रदीप मिश्र के साथ हाईवे किनारे खड़े थे। वहीं डिघरी, हंडिया निवासी संजय सिंह उर्फ दीपू (40) भी वहां मौजूद थे। इसी दौरान वाराणसी से प्रयागराज की ओर जा रही बोलेरो अनियंत्रित हो गई और तीनों बाइकों को टक्कर मारते हुए लोगों की भीड़ में जा घुसी।


हादसे की सूचना पर हंडिया पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदाबाद भेजा। चिकित्सकों ने संजय सिंह को मृत घोषित कर दिया। वह कंपोजिट विद्यालय खेमापुर, कोइरौना, भदोही में शिक्षक थे। घायल प्रदीप मिश्र भी शिक्षक हैं। गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद शहर रेफर किया गया।

थाना प्रभारी हंडिया ओम प्रकाश ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। गंभीर घायलों को शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद बोलेरो चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। परिजनों की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## हॉर्न बजाने से मना करने पर मारपीट, कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी

**सबसे तेज प्रयागराज**

**होलागढ़/प्रयागराज।** दहियावां बाजार में हॉर्न बजाने से मना करने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। थाना होलागढ़ में प्रार्थी महेश चन्द्र जायसवाल पुत्र प्रेमचन्द्र जायसवाल निवासी दहियांवा ने तहरीर देते हुए बताया कि 17 सितम्बर रात 10:30 बजे प्रार्थी की गली में तीन गाड़ी के साथ उसके घर के सामने हॉर्न बजाने लगे, मना करने पर अतीक व मोटू पुत्रगण ननका ने गाली देते हुए मारना शुरू कर दिया और अतीक ने कट्टा दिखाकर जान



से मारने की धमकी दी। शुक्रवार को सुबह 07 बजे मो० गद्दा व मो० अतीक पुत्रगण ननका व चुलबुल पुत्र अज्ञात एक राय होकर केम्ब्रिज स्कूल के पास आए और भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लोहे की रॉड व धारदार हथियार से प्रार्थी को बुरी तरह मारा-पीटा। शोर सुनकर बीच-बचाव करने आए प्रार्थी के भाई गणेश प्रसाद व गोपाल पुत्रगण प्रेमचन्द्र को भी मारा-पीटा, जिससे सभी को गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि उक्त लोगों ने धमकी दी कि कहीं शिकायत किया तो जान से मार देंगे। होलागढ़ पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर चार लोगों के ऊपर नामजद मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का डीएम और एसपी ने किया स्वागत



**सबसे तेज प्रयागराज फतेहपुर।** शुक्रवार को पूर्व राष्ट्रपति एवं देश के पूर्व प्रथम नागरिक रामनाथ कोविंद के जनपद फतेहपुर आगमन पर थाना कल्याणपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित संदीपनी पब्लिक स्कूल में जिलाधिकारी फतेहपुर श्रीमती निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर मा0 पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया।

# बिना नम्बर प्लेट तथा अस्पष्ट नम्बर प्लेट का प्रयोग करने वाले वाहनों को चिन्हित कर करें कार्रवाई- डीएम

**भूमाफियाओं के विरूद्ध कार्रवाई एवं अवैध-खनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किए जाने हेतु जनपद स्तर पर गठित टॉस्क फोर्स के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में भूमाफियाओं के विरूद्ध कार्रवाई एवं अवैध-खनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किए जाने हेतु जनपद स्तर पर गठित टॉस्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने टास्कफोर्स टीम को अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए लगातार इंफोर्समेंट की कार्यवाही में और तेजी लाने के निर्देश दिए हैं । उन्होंने अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए शख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को संबंधित तहसील क्षेत्र में अवैध खनन के विरुद्ध तहसील स्तर




पर गठित टास्कफोर्स के माध्यम से कार्रवाई करने। कहा कि यदि अवैध खनन की सूचना मिलती है तो संबंधित उपजिलाधिकारी की भी जवाबदेही तय की जाएगी।

जिलाधिकारी ने बिना नम्बर प्लेट तथा अस्पष्ट/धूमिल नम्बर प्लेट का प्रयोग करने वाले वाहनों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई किए जाने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने पुलिस, खनिज विभाग एवं तहसील की टास्क फोर्स टीम द्वारा अवैध परिवहन एवं ओवर लोडिंग में संलिप्त उपखनिजों का परिवहन कर रहे वाहनों की निरंतर जांच करते हुए इस पर रोक लगाये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने टास्क फोर्स द्वारा पीटीजेड कैमरा, वेब ब्रिज, साइन बोर्ड, पिलर जांच करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जहां खनन पट्टा स्वीकृत नहीं है, उन स्थानों पर साधारण बालू का अवैध खनन न होने पाये। उन्होंने चेक गेट एवं एम चेक के माध्यम से चालान किए गए पेन्डिंग धनराशि वाले वाहनों को सघन चेकिंग के दौरान चिन्हित कर अधिरोपित धनराशि वसूल करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्रीमती उपमा पाण्डेय, ज्येष्ठ खान अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## किसानों की समस्याओं को लेकर किसान पंचायत, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 18 सितंबर 2026 को भा. कि. यू. अराजनैतिक संगठन की ओर से विकासखंड बहादुरपुर के ब्लॉक परिसर में किसान पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में क्षेत्रीय



किसानों ने बिजली कटौती, छुट्टा एवं आवारा पशुओं की समस्या, गांवों में टूटे रास्तों की मरम्मत तथा डीएपी और यूरिया खाद की कालाबाजारी एवं ओवररेट में बिक्री सहित विभिन्न समस्याएं उठाईं।
किसानों ने इन समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग करते हुए खंड विकास अधिकारी, बहादुरपुर को लिखित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मंडल अध्यक्ष प्रयागराज बबलू दूबे एवं मंडल महासचिव जगदीश तिवारी की ओर से दिया गया। किसान पंचायत में मंडल उपाध्यक्ष गोविंद बहादुर सिंह, युवा गंगा पार अध्यक्ष आदित्य वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञान सिंह पटेल सहित क्षेत्र के कई किसान एवं संगठन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। किसानों ने संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

## जिलाजज , डीएम एसएसपी ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर दिए निर्देश




**सबसे तेज प्रयागराज**

**बुलंदशहर ।** जिला जज संजय सिंह, जिलाधिकारी कुमार हर्ष एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मॉनिटरिंग सैल की मासिक गोष्ठी आयोजित की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।
इसके उपरान्त जिला जज संजय सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का औचक निरीक्षण करते हुए बाल अपचारियों को सम्प्रेक्षण गृह प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात जिला कारागार का निरीक्षण कर दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सेवा संकल्प अभियान में जगमगाया गोरखपुर, नगर निगम ने जलाए 71 हजार दीप



**गोरखपुर।**
सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर निगम की ओर से गुरुवार को शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर भव्य दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के दौरान नगर के अलग-अलग हिस्सों में कुल 71 हजार दीप प्रज्वलित किए गए। एक साथ जलाए गए दीपों से शहर के प्रमुख स्थल रोशनी से जगमगा उठे। कार्यक्रम का उद्देश्य पिछले 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ ही विकसित भारत 2047 के सामूहिक संकल्प को जनभागीदारी से जोड़ना रहा। दीप प्रज्वलन के दौरान नगरवासियों में उत्साह देखने को मिला।
कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम परिसर से महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने मशाल प्रज्वलित कर अभियान को गति प्रदान की। इसके बाद नगर निगम परिसर में पार्षदों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से 5100 दीप जलाए। बड़ी संख्या में एक साथ जलाए गए दीपों से नगर निगम परिसर का वातावरण प्रकाशमय हो गया। परिसर में उत्सव जैसा माहौल नजर आया और लोगों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर अभियान में सहभागिता दर्ज कराई।
नगर निगम की ओर से दीप प्रज्वलन का आयोजन केवल निगम परिसर तक सीमित नहीं रहा। शहर के विभिन्न अमृत सरोवर, राप्ती इको पार्क, विभिन्न पार्कों, जोनल कार्यालयों, डूडा लाभार्थियों के स्थलों, सीनियर सिटीजन क्लब तथा प्रमुख चौराहों सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भी दीप जलाए गए। अलग-अलग स्थानों पर एक साथ दीप प्रज्वलित होने से शहर का वातावरण रोशनी से भर गया। लोगों ने अपने-अपने क्षेत्रों में दीप जलाकर सेवा संकल्प अभियान में सहभागिता की।
दीप प्रज्वलन कार्यक्रम के माध्यम से नगर को स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध बनाने का सामूहिक संदेश दिया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता, सामाजिक सेवा और जनकल्याण के कार्यों में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। नगर निगम की ओर से आयोजित इस अभियान में विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों, सामाजिक संगठनों और गणमान्य लोगों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।
महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पिछले 25 वर्षों की निरंतर जनसेवा यात्रा के प्रति आभार व्यक्त करने और सेवा भाव को आगे बढ़ाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि दीप प्रज्वलन अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक होने के साथ ही विकसित एवं समृद्ध भारत के निर्माण के लिए सामूहिक संकल्प का भी संदेश देता है। उन्होंने नगरवासियों से स्वच्छता, सेवा और सामाजिक सरोकार से जुड़े अभियानों में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की।
उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी केवल नगर निगम की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी है। नागरिकों की सहभागिता से स्वच्छता और जनकल्याण से जुड़े अभियानों को और प्रभावी बनाया जा सकता है।<

## खनन की कमाई से गांवों में विकास की बिछेगी बुनियाद



**झांसी।**
खनन प्रभावित क्षेत्रों में जनसुविधाओं के विस्तार के लिए जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) से 22 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने गुरुवार को जूम बैठक के माध्यम से डीएमएफ की शासी परिषद एवं प्रबंधन समिति द्वारा अनुमोदित कार्यों की समीक्षा की और कार्यदायी संस्थाओं को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए।
डीएम ने बताया कि खनन प्रभावित गांवों में प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा-कक्ष, आंगनबाड़ी कक्ष, सोलर पैनल, खेल मैदान व ओपन जिम विकसित किए जाएंगे। जीआइसी झांसी में स्मार्ट क्लास तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में मिशन शक्ति के तहत उच्चीकरण व सुदृढ़ीकरण के कार्य भी होंगे। सैनिक स्कूल झांसी में पानी की समस्या के समाधान के लिए पानी की टंकी और आशा स्कूल बबीना में आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।
सदर, मोंठ, टहरौली, गरौठा व मऊरानीपुर के खनन प्रभावित क्षेत्रों में संपर्क मार्ग और सामुदायिक केंद्र भी बनाए जाएंगे। अवैध खनन-परिवहन पर निगरानी के लिए नाइट विजन ड्रोन और डीजीपीएस उपकरण खरीदे जाएंगे। डीएम ने गुणवत्ता में कमी मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।
जूम मीटिंग में अपर जिलाधिकारी प्रशासन शिव प्रताप शुक्ल, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व पल्लवी मिश्रा , जिला खनिज अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारीगण शामिल रहे।

**अस्पतालों में मिलेंगे नए उपकरण**

स्वास्थ्य सेवाओं के तहत मेडिकल कॉलेज में दो हाई पावर लिफ्ट, जिला अस्पताल व महिला चिकित्सालय में चिकित्सा उपकरण तथा गुरसराय, चिरगांव, बंगरा,

## मुरादाबाद जनपद में 48 घंटे में तीसरा तेंदुआ पिंजरे में कैद

### बुधवार को कांठ के रामसराय भांकरी में और गुरुवार को कांठ के भरतपुर में किया गया था तेंदुए का रेस्क्यू

**मुरादाबाद।**
उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद में मुरादाबाद के तहसील ठाकुरद्वारा के ग्राम बलिया बल्लभगढ़ में शुक्रवार सुबह एक तेंदुआ ट्रैप केज के माध्यम से सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया हैं। जनपद में पिंजरे के माध्यम से रेस्क्यू किया जाने वाला यह सत्रहवाँ तेंदुआ है। जिले में 48 घंटे में तीसरा तेंदुआ पिंजरे में कैद हुआ है।
गुरुवार को कांठ तहसील क्षेत्र के भरतपुर में और बुधवार को कांठ के रामसराय भांकरी में एक-एक तेंदुए का ट्रैप केज के माध्यम से सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया था। ठाकुरद्वारा क्षेत्र में तेंदुए ने तीन महिलाओं समेत चार लोगों को अपना निवाला बनाया है।
जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि संवेदनशीलता के दृष्टिकोण से वन विभाग की देखरेख में रेस्क्यू टीम लगातार सक्रिय है। साथ ही प्रशासनिक स्तर से पूरे संवेदनशील क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामों में सतर्कता एवं जागरूकता के लिए चौपालें आयोजित की जा रही हैं। पूरे संवेदनशील क्षेत्र से अब तक 17 तेंदुओं का रेस्क्यू किया जा चुका है।
वन विभाग की रेस्क्यू टीम को मुरादाबाद के तहसील ठाकुरद्वार के ग्राम बलिया बल्लभगढ़ में शुक्रवार सुबह छह बजे एक तेंदुआ पिंजरे में कैद हो जाने की सूचना मिली। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने पहुंचकर उसे अपने कब्जे में लिया। तेंदुए के पिंजरे में कैद हो जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर जगमगाया



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर। देश** के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम दिन पर भाजपाइयों ने जश्न के साथ धूम धाम से मनाया। फूलपुर के पूरे भुलई गांव में ब्लाक प्रमुख फूलपुर बिपेंद सिंह पटेल और सहायक विकास अधिकारी पंचायत फूलपुर राजेश सिंह के नेतृत्व न बड़े धूम धाम के साथ नरेंद्र मोदी का जन्म दिन मनाया गया तो नगर पंचायत कार्यालय पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अध्यक्ष नगर पंचायत फूलपुर अमरनाथ यादव के नेतृत्व मन दिन मना कर दीपक जलाया गया। वहीं वरुणामंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम में जलाया गया। फूलपुर। भाजपा वरुणा मंडल द्वारा रानी का तालाब, अरवांसी बहादुरगढ़ में आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष मनोज पाठक के नेतृत्व में मनाया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री श्रीमती आकांक्षा सोनकर रहीं। संचालन चंचल पांडेय ने किया। कार्यक्रम में मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से मिथिलेश , दारा सिंह, कृष्णकांत शर्मा, रवि तिवारी, रामपाल पटेल, जीतलाल कुशवाहा, पृथ्वीपाल जी, कैलाश सिंह, धर्मराज बिंद एवं रुद्रप्रताप सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी प्रकार कोड़ापुर गांव के ग्राम पंचायत सचिवालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालयों में ग्राम प्रधान फूलकली रावत एवं उनके पति पत्रकार संघ अध्यक्ष फूलपुर मौजी लाल रावत के नेतृत्व में नरेंद्र मोदी का जन्म दिन दीपक जलाकर उत्साह के साथ मनाया गया इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी कृष्णा प्रसाद सिंह,प्रधानाध्यापक विक्रम विराँचीं सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# औरैया : दो दिवसीय राज्य स्तरीय दंगल 22 सितंबर से

### देशभर के नामी पहलवान दिखाएंगे दम, महिला पहलवानों की कुश्ती भी बनेगी आकर्षण

**औरैया।**
उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में अजीतमल तहसील क्षेत्र के ग्राम बिरुहूनी स्थित शिव मंदिर परिसर में 22 व 23 सितंबर को दो दिवसीय राज्य स्तरीय दंगल का आयोजन किया जाएगा। दंगल में उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, असम, दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों से महिला और पुरुष पहलवान पहुंचकर अपने दांव-पेच दिखाएंगे। आयोजन को लेकर दंगल कमेटी तैयारियों में जुटी है।
आयोजकों के अनुसार दंगल में भारत केसरी रामेश्वर पहलवान हाथरस, ठाकुर अभियानक पहलवान कानपुर, लाडी बाबा पंजाब, जावेद गिनी जम्मू-कश्मीर, देव थापा नेपाल, मौसम अली जम्मू, कटप्पा राजस्थान, अंतरराष्ट्रीय पहलवान विक्रम यादव फिरोजाबाद, पूनम हरियाणा, ज्योति गोरखपुर, अंशु पहलवान गाजियाबाद और कोमल पहलवान हरियाणा समेत कई नामी पहलवानों के पहुंचने की जानकारी दी गई है। इनके बीच होने वाली कुश्तियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है।
दंगल में महिला पहलवानों के मुकाबले भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आयोजकों ने बताया कि बाहर से आने वाले पहलवानों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में लाखों रुपये की कुश्तियां कराई जाएंगी। पिछली बार अधिकतम ढाई लाख रुपये की कुश्ती हुई थी। इस बार भी पहलवानों के बीच रोमांचक और जोरदार मुकाबले देखने को मिलेंगे। दंगल का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख अजीतमल रजनीश पाण्डेय करेंगे, जबकि समापन पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजकुमार दुबे द्वारा किया जाएगा। आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पहलवान स्वर्गीय लालसिंह पहलवान बिरुहूनी की स्मृति से भी जुड़ा है।
कार्यक्रम अध्यक्ष पवन ठाकुर, संरक्षक चन्द्रहास पाण्डेय तथा उपाध्यक्ष रानू भदौरिया (अमित) अध्यापक समेत दंगल कमेटी के सदस्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

# होटल में चल रहा था देह व्यापार का अड्डा, चार महिलाओं को पुलिस ने कराया मुक्त, मालिक फरार



**नोएडा।**
उत्तर प्रदेश के नोयडा में थाना बिसरख पुलिस ने बीती रात को जीडीए कॉलोनी में बने एक होटल में छापेमारी की। यहां पर अवैध रूप से वेश्यावृत्ति कराई जा रही थी। पुलिस ने चार महिलाओं को रेस्क्यू करके उनके घर वालों को सुपुर्द कर दिया । होटल का मालिक फरार बताया जा रहा है।
थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात को एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने गौर सिटी के पास स्थित जीडीए कॉलोनी में बने बीएन होटल में छापेमारी की। पुलिस को सूचना मिली थी कि यहां पर अवैध रूप से देह व्यापार कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जब पुलिस होटल में पहुंची तो रिसेप्शन पर एक महिला मिली। उक्त महिला की उम्र 21 वर्ष है। उसके बाद एक कमरे में तीन महिलाएं बैठी मिली जिनकी उम्र क्रमशः 49 वर्ष , 24 वर्ष और 21 वर्ष है। इन महिलाओं से जब पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि होटल का मालिक रोहित कुमार रूप रामू उर्फ रवि निवासी ग्राम डूंडाहेड़ा विजयनगर उनसे उक्त होटल में जबरन देह व्यापार करवाता है। महिलाओं ने बताया कि रोहित ही नए-नए लोगों को बुलाता है तथा उनकी मसाज करने के लिए बुलाता है। और उनसे जबरदस्ती वेश्यावृत्ति के लिए कहता है। अगर वे लोग गलत काम करने के लिए मना करते हैं तो वह जान से मारने की धमकी देता है।
महिलाओं के अनुसार उसने आज भी कई ग्राहक भेजे थे, जो अभी कुछ देर पूर्व चले गए। महिलाओं के अनुसार रोहित एक ग्राहक से देह व्यापार के लिए 2000 से 5000 रूपए लेता है, तथा उन्हें एक हजार से 1500 रूपए देता है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने महिलाओं के परिजनों को बुलाकर उन्हें उनके सुपुर्द कर दिया। होटल मालिक फरार है।

## दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण पर्व का शुभारंभ, निकली भव्य शोभायात्रा



**अयोध्या।**
जैन धर्म में पर्युषण पर्व आत्मशुद्धि, संयम और आराधना का महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। रायगंज स्थित दिगंबर जैन मंदिर में 11 दिवसीय पर्युषण पर्व का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें इंद्र-इंद्राणी के स्वरूप, प्रतीकात्मक ऐरावत हाथी, रथ पर विराजमान जिन प्रतिमा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।
शोभायात्रा में 92 वर्षीय गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माता, प्रज्ञाश्रमणी चंदनामती माता, पीठाधिपति रवींद्रकीर्ति स्वामी, संघपति अनिलकुमार जैन, प्रतिष्ठाचार्य विजयकुमार जैन और जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. जीवनप्रकाश समेत प्रमुख संत एवं श्रद्धालु शामिल रहे। इंद्र-इंद्राणी के स्वरूप में नीतीश कुमार जैन और उनकी पत्नी शालिनी जैन शामिल हुए। महिलाएं कलश और ध्वज लेकर यात्रा में चल रही थीं।बैंड की धुन और धार्मिक गीतों के बीच शोभायात्रा रामजन्मभूमि मार्ग से होते हुए वापस जैन मंदिर पहुंची। इसके बाद मंदिर परिसर के विशाल आगार में 1008 वेदिकाओं पर इंद्र ध्वज पूजन का शुभारंभ हुआ। पौराणिक आख्यान के अनुरूप श्रद्धालुओं ने इंद्र-इंद्राणी, कुबेर, वरुण और यम आदि के स्वरूपों की पूजा-अर्चना के लिए संकल्प लिया।
धार्मिक अनुष्ठानों की शुरूआत पवित्र मंत्रोच्चार और संकल्प के साथ हुई। पीठाधीश स्वीद्रकीर्ति स्वामी ने कहा कि तीर्थंकरों ने धर्म के जो दस लक्षण बताए हैं, अगले 11 दिनों में श्रद्धालुओं को उन्हें आत्मस्थ करने का प्रयास करना है। पर्युषण पर्व आत्मचिंतन, संयम और आध्यात्मिक ऊर्जा को नवीनता प्रदान करने का अवसर है। क्षमा से शांत होता है क्रोध पर्युषण पर्व के प्रथम प्रवचन सत्र में गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माता ने कहा कि दशलक्षण पर्व का प्रारंभ क्षमा धर्म से होता है। आचार्यों ने क्रोध को अग्नि की उपमा दी है और उसे शांत करने के लिए क्षमारूपी जल ही समर्थ है। उन्होंने कहा कि सज्जन व्यक्ति अपनी सहनशीलता से ही चमकते हैं। क्षमा और संयम के माध्यम से व्यक्ति अपने अंतस को शुद्ध कर सकता है।

# पीएम के नेतृत्व में कानपुर को मिलीं कई बड़ी विकास परियोजनाएं : रमेश अवस्थी

### प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर मोतीझील में हुआ भव्य दीपोत्सव-मिशन सिंदूर की रंगोली में दिखा भारतीय सेना का शौर्य-सांसद रमेश अवस्थी ने गिनाई कानपुर को मिलीं प्रमुख विकास परियोजनाएं



**कानपुर।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कानपुर से विशेष लगाव रहा है और उनके नेतृत्व में शहर को कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की सौगात मिली है। एलिवेटेड रेलवे ट्रैक, एलिवेटेड रोड, मेट्रो और आउटर रिंग रोड जैसी योजनाओं से कानपुर के विकास को नई दिशा मिली है। यह बातें सांसद रमेश अवस्थी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मोतीझील में आयोजित दीपोत्सव के दौरान कही।
प्रधानमंत्री के 76वें जन्मदिन और सेवा संकल्प अभियान के तहत मोतीझील में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। 76 हजार दीपों से पूरा परिसर रोशनी से जगमगा उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और दीपोत्सव का हिस्सा बने।
आयोजन में ड्रोन शो के जरिए विकसित भारत की झलक प्रस्तुत की गई। आसमान में ड्रोन से बनाई गई विभिन्न आकृतियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुए कार्यक्रम में भाजपा के सांसद, विधायक, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।
कार्यक्रम में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने भी दीप प्रज्वलित किया। भाजपा उत्तर जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र अध्यक्ष रामकिशोर साहू और क्षेत्रीय महामंत्री आदित्य द्विवेदी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।
मोतीझील में मिशन सिंदूर की झलक भी देखने को मिली। रंगोली के माध्यम से भारतीय सेना के शौर्य और पहलगाम हमले के बाद किए गए ऑपरेशन सिंदूर को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।
प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन और सेवा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर को भी कार्यक्रम से जोड़ा गया।

## जिलाबदर होने के बाद भी शहर में घूम रहे शातिर को पुलिस ने दबोचा



**कानपुर।**
रेल बाजार थाना क्षेत्र में जिलाबदर आदेश का उल्लंघन कर शहर में मौजूद युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। खपरा मोहाल निवासी शोएब उर्फ सिजारो मरी कंपनी पुल के पास राहगीरों से अभद्रता कर रहा था। पुलिस को उसकी मौजूदगी की जानकारी मिली तो टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे पकड़ लिया।
पुलिस के अनुसार, शोएब को चार महीने के लिए कानपुर जिले की सीमा से बाहर रहने का आदेश दिया गया था। इसके बावजूद वह प्रतिबंधित अवधि में शहर में मिला। पुलिस ने उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धारा 10 के तहत मुकदमा दर्ज किया।
थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कि गुरुवार को सूचना मिली थी कि जिलाबदर किया गया युवक मरी कंपनी पुल के पास खड़ा है और राहगीरों से गाली-गलौज कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने पहुंचकर उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस को आशंका थी कि वह किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में था।
पुलिस ने रिकॉर्ड खंगाला तो शोएब के खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास जैसे मामलों समेत तीन मुकदमे दर्ज मिले। इसी आपराधिक गतिविधियों के चलते उसे चार महीने के लिए जिला बदर किया गया था। शहर में मिलने पर पुलिस ने जिलाबदर आदेश के उल्लंघन में कार्रवाई की।

# शुक्रवार परेड का एसएसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने किया निरीक्षण, पुलिसकर्मियों को फिटनेस और अनुशासन का दिया संदेश

**गोरखपुर।**
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर डॉक्टर कौस्तुभ ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परेड में शामिल पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की शारीरिक दक्षता, अनुशासन और एकरूपता का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
परेड की शुरूआत में पुलिसकर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रखने के उद्देश्य से दौड़ लगवाई गई। इसके बाद अनुशासन, समन्वय और एकरूपता बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों को टोलीवार ड्रिल का अभ्यास कराया गया। परेड के दौरान जवानों की सक्रियता, अनुशासन और ड्रिल की गुणवत्ता का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को





आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए।
एसएसपी ने परेड में शामिल विभिन्न पुलिस इकाइयों का भी निरीक्षण किया। इस क्रम में यू0पी0-112, परिवहन शाखा, श्वान दल सहित अन्य इकाइयों की कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं को देखा गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए।
परेड निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने, कार्य के दौरान बेहतर समन्वय बनाए रखने तथा पुलिसिंग की गुणवत्ता को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। नियमित परेड के माध्यम से पुलिस बल में अनुशासन, टीम भावना और शारीरिक दक्षता को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो : मुरादाबाद के पीतल के उत्पादों से चमकेंगे 78 स्टॉल

**मुरादाबाद।**
पीतल की नगरी मुरादाबाद के हस्तशिल्प, मेटल आर्टवेयर और स्थानीय दस्तकारी को अंतरराष्ट्रीय पटल पर सीधे नए बाजार और खरीदार दिलाने के लिए खाका तैयार हो चुका है। ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले चौथे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में मुरादाबाद जनपद से कुल 78 कारोबारी, नए व स्थापित निर्यातक, महिला एवं युवा उद्यमी और ओडीओपी दस्तकार अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराएंगे।
मुरादाबाद के संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार ने बताया कि 1,10,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल में लगने वाले इस महाआयोजन में देश-दुनिया से करीब 1.50 लाख बिजनेस खरीदार और 4.50 लाख से अधिक आम उपभोक्ता जुटेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की निर्यात प्रोत्साहन नीति, एमएसएमई नीति




और श्एक जनपद-एक उत्पादश (ओडीओपी) योजना के तहत यह वैश्विक मंच मुरादाबाद के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से सीधे जोड़कर स्थानीय कारोबार को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

**मुरादाबाद के 42 नए निर्यातकों ने अपने स्टॉल सुरक्षित कराए**

ट्रेड शो के ले-आउट के अनुसार, इस बार सबसे क्रांतिकारी बदलाव नए निर्यातकों के रूप में सामने आया है। पहली बार सीधे विदेशी खरीदारों के सामने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाने जा रहे नए कारोबारियों के लिए तय हॉल नंबर 14 (न्यू एक्सपोर्टर्स) में अकेले मुरादाबाद के 42 नए निर्यातकों ने अपने स्टॉल सुरक्षित कराए हैं। संयुक्त आयुक्त उद्योग के अनुसार, यह भागीदारी दशार्ती है कि शहर की नई पीढ़ी अब सिर्फ बिचौलियों या बड़े घरानों पर निर्भर रहने के बजाय सीधे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला (ग्लोबल सप्लाई चेन) का हिस्सा बनने को तैयार है।
इसके साथ ही, हॉल नंबर 15 (रेगुलर एक्सपोर्टर्स) में मुरादाबाद के 14 बड़े और स्थापित निर्यातक विदेशी बायर्स के साथ पहले से चल रहे अनुबंधों को विस्तार देंगे और बड़े वॉल्यूम के ऑर्डर हासिल करेंगे।

# डेंगू-मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को किया प्रशिक्षित : डॉ. राजेश्वर सिंह

**कानपुर।**
डेंगू, मलेरिया और फाइलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को लगातार निगरानी, जांच और निरोधात्मक कार्रवाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मच्छरों के प्रजनन स्थलों को खत्म कर इन बीमारियों के प्रसार को नियंत्रित किया जा सकता है। यह बातें गुरुवार को नोडल अधिकारी (वीबीडी) डॉ. राजेश्वर सिंह ने चौबेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान कहीं।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरि दत्त नेमि के निर्देश पर डॉ. राजेश्वर सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी अरुण कुमार सिंह, मलेरिया निरीक्षक गौतम पुरवार और सहयोगी संस्था पाथ के क्षेत्रीय समन्वयक डॉ. शिवकांत ने चौबेपुर सीएचसी का निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य



अधिकारी, एएनएम और आशा कार्यकताओं को डेंगू, मलेरिया व फाइलेरिया से बचाव, रोकथाम और नियंत्रण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।
प्रयोगशाला कक्ष का निरीक्षण कर डेंगू और मलेरिया की त्वरित जांच किट उपलब्ध कराई गईं। इसके अलावा भौंती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत भौंती गौशाला का निरीक्षण कर बुखार सर्वेक्षण, जांच, मच्छरों के प्रजनन स्थलों को खत्म करने और अन्य निरोधात्मक गतिविधियों का भौतिक सत्यापन किया गया। लोगों को घरों और आसपास पानी जमा न होने देने के लिए जागरूक किया गया।
दादानगर, बर्रा-3, यशोदानगर, गुमटी नंबर-5 और रतनलाल नगर में डेंगू के मामले सामने आए थे, जबकि भगवंतपुर सचेंडी क्षेत्र में मलेरिया का मामला मिला था। इन क्षेत्रों में आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई पूरी कराई गई है।
विभिन्न क्षेत्रों में मच्छरों के प्रजनन स्थलों का सर्वेक्षण, उन्हें नष्ट करने, लावार्नाशक छिड़काव और जागरूकता अभियान चलाया गया। धनकुट्टी, एमटीसी ग्वालटोली, घाऊखेड़ा, कुली बाजार, गोविंद नगर, मुंशीपुरवा, निहूरा गांव, कपली गांव, रावतपुर, मोतीझील, नवीन नगर काकादेव, गुजैनी, बर्रा-4 और पशुपति नगर समेत कई इलाकों में 944 घरों का सर्वेक्षण किया गया।

# तकनीकी उत्कृष्टता, श्रम सम्मान और नवाचार आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला : भरत राज सिंह

**लखनऊ।**
भगवान विश्वकर्मा की परंपरा ज्ञान को कौशल, कौशल को सृजन और सृजन को समाजोपयोगी विकास में बदलने की प्रेरणा देती है। तकनीकी उत्कृष्टता, श्रम का सम्मान और नवाचार ही आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की आधारशिला हैं। यह बातें गुरुवार को स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस), लखनऊ के महानिदेशक (तकनीकी) प्रो. भरत राज सिंह ने विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में



कही।
एसएमएस के वर्कशॉप में भगवान विश्वकर्मा की पूजा श्रद्धा और पारंपरिक विधि-विधान से की गई। संस्थान के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने पूजन कर तकनीकी ज्ञान, कौशल, सृजनशीलता और कार्यस्थल की समृद्धि की कामना की।
मुख्य अतिथि एसएमएस के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह ने कहा कि आधुनिक शिक्षा और तकनीकी विकास में प्रयोगशालाओं, वर्कशॉप, उपकरणों और तकनीकी कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।
ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में व्यावहारिक ज्ञान, समस्या समाधान की क्षमता और आत्मनिर्भर तकनीकी दृष्टिकोण विकसित करने में प्रेरणादायी हैं।
कार्यक्रम में निदेशक प्रो. आशीष भटनागर, निदेशक प्रशासन डॉ. जगदीश सिंह, एसोसिएट निदेशक डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डीन छात्र कल्याण डॉ. पीके सिंह, डीन इंजीनियरिंग डॉ. मोहम्मद हुसैन, राहुल अवस्थी, विभागाध्यक्षों समेत शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## हाईवे पर बकरा व्यापारियों से 4.31 लाख की लूट

**कानपुर।**
शिवराजपुर थाना क्षेत्र में कानपुर-अलीगढ़ हाईवे बाईपास पर बदमाशों ने गुरुवार को बकरा व्यापारियों की वैन रोककर 4.31 लाख रुपये लूट लिए। दुबियाना अंडरपास और गंगा रोड अंडरपास के बीच हुई वारदात में एक्सयूवी सवार बदमाशों ने पहले ईको वैन को रोककर उस पर लाठी-डंडों से हमला किया और शीशे तोड़ दिए। इसके बाद तमंचा दिखाकर व्यापारियों से रुपये मांगे और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।
चौबेपुर निवासी बकरा व्यापारी शाहिद और आदिल दो अन्य साथियों के साथ किराये की ईको वैन से बकरा खरीदने कन्नौज जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से एक्सयूवी सवार तीन-चार बदमाश पहुंचे और वैन के आगे अपनी गाड़ी लगाकर रास्ता रोक दिया।
बदमाशों ने वैन पर हमला करने के बाद व्यापारियों को हथियार दिखाकर रकम अपने कब्जे में ले ली। व्यापारियों के दो अन्य साथियों के पास अलग रखे रुपये बदमाशों की नजर में नहीं आए। इस कारण उनकी रकम सुरक्षित बच गई। वारदात के बाद बदमाश एक्सयूवी से कन्नौज की ओर निकले, लेकिन कुछ दूरी पर गाड़ी मोड़कर कानपुर की तरफ भाग गए।
घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और व्यापारियों से पूछताछ की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जुटानी शुरू कर दी है। फुटेज के आधार पर एक्सयूवी और उसमें सवार बदमाशों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।
शिवराजपुर थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। बदमाशों की पहचान के लिए जांच की जा रही है और जल्द उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

## दुकान से की थी चोरी, लाखों की नकदी सहित तीन गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।**
दक्षिण थाना पुलिस टीम ने गुरुवार को तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने दुकान में नकब लगाकर गल्ला से रुपयों की चोरी की थी। जिनसे चोरी हुई लाखों की नकदी बरामद हुई है।
थाना दक्षिण क्षेत्र के चंद्रवार गेट प्रेस वाली गली निवासी सौरीश गुप्ता की दुकान से 15 सितंबर की रात्रि में अज्ञात चोरों दुकान का गल्ला मय रूपयों सहित चोरी कर ले गए थे। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। विवेचना व सीसीटीवी फुटेज आदि संकलित किये गये साक्ष्य के आधार पर मुकद्मा में अभियुक्तगण बसई मोहम्मदपुर थाना नगला दया निवासी आदेश के नाम प्रकाश में आये।
थाना प्रभारी दक्षिण योगेंद्र पाल सिंह पुलिस टीम के साथ बृहस्पतिवार को क्षेत्र में गश्त पर थे, तभी सूचना पर अभियुक्तगण आदेश, सोनू वर्मा व नरेश उर्फ डेनी को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी किये गये सभी 628260 रुपये, एक अवैध तमंचा 315 बोर एक जिन्दा कारतूस व दो नाजायज चाकू बरामद हुए है।

## बुजुर्ग महिला की मौत के बाद हत्या का मुकदमा, पड़ोसी गिरफ्तार

**कानपुर।**
चौबेपुर थाना क्षेत्र के शांतिनगर में घर में घुसकर बुजुर्ग महिला से मारपीट करने के मामले में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद पुलिस ने हत्या और लूट से संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर पड़ोसी युवक को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपित को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।
शांतिनगर निवासी सरला ने पुलिस को बताया कि वह एक निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। 15 सितंबर को वह स्कूल गई थीं। घर पर उनकी मां कमला देवी (65) अकेली थीं। आरोप है कि दोपहर करीब दो बजे पड़ोसी अमित वाल्मीकि उर्फ भद्दी घर में घुस आया। कमला देवी ने इसका विरोध किया तो उसने उनके साथ मारपीट की। हमले में उनके सिर और सीने में गंभीर चोटें आईं।

## गोमती नदी में कूदी किशोरी, तलाश में जुटी पुलिस

**जौनपुर।**
उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में कोतवाली क्षेत्र स्थित शाही पुल से गुरुवार शाम एक किशोरी ने गोमती नदी में छलांग लगा दी।
घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और गोताखोरों ने नदी में उसकी तलाश शुरू की, लेकिन देर शाम तक किशोरी का पता नहीं चल सका।
किशोरी की पहचान शकरमंडी निवासी राकेश मौर्या की 17 वर्षीय बेटी परी मौर्या के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, परी का एक लड़के से बातचीत को लेकर विवाद चल रहा था।

# फिल्म का संदेश दर्शकों तक स्पष्ट पहुंचना जरूरी : डॉ. विनय कुमार

**कानपुर।**
फिल्म बनाते समय कैमरा एंगल, एडिटिंग और अन्य तकनीकी पहलुओं के साथ यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि जिस विषय पर फिल्म बनाई जा रही है, उसका संदेश दर्शकों तक स्पष्ट रूप से पहुंचे। विद्यार्थियों को तकनीकी कमियों पर काम करते हुए अपनी रचनात्मकता को और निखारना चाहिए। यह बातें गुरुवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के डॉ. विनय कुमार ने विद्यार्थियों की शॉर्ट फिल्मों की स्क्रीनिंग के दौरान कही।
पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में



विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई 16 शॉर्ट फिल्मों की स्क्रीनिंग हुई। फिल्मों में पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य, महिला सम्मान, परिवार प्रबंधन और व्यक्तित्व विकास जैसे विषयों को शामिल किया गया। विद्यार्थियों ने दहेज प्रथा, एंगर मैनेजमेंट, निर्णय क्षमता, परिवार में समानता, परिवार का महत्व, प्रदूषण के प्रति जागरूकता और प्लास्टिक मुक्ति जैसे मुद्दों को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया।
फिल्मों के मूल्यांकन के लिए निर्णायक मंडल में जागरण इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन के निदेशक डॉ. उपेंद्र पांडेय, फाइन आर्ट्स विभाग के डॉ. सुंदर पाल और पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के डॉ. विनय कुमार शामिल रहे। मूल्यांकन विषय चयन, रचनात्मकता, अभिनय, निर्देशन, तकनीकी पक्ष, प्रस्तुतीकरण और संदेश की प्रभावशीलता के आधार पर किया गया।
डॉ. सुंदर पाल ने कहा कि फिल्म निर्माण के दौरान सामने आने वाली कमियों को पहचानना और उनसे सीखना विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है। डॉ. उपेंद्र पांडेय ने कहा कि विद्यार्थियों को निर्माण क्षमता के साथ निर्णय क्षमता विकसित करने पर भी ध्यान देना चाहिए, ताकि वे अपने कार्य की कमियों का स्वयं आकलन कर सकें।
प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चाइल्ड इज वॉचिंग ने हासिल किया। इसके निर्देशक पुष्कर पाठक हैं। द्वितीय स्थान दीपक श्रीवास्तव की निर्देशित फिल्म 10 सेकंड्स और तृतीय स्थान अश्विनी कुमार सिंह की निर्देशित द रिलेशनशिप बिहाइंड स्क्रीन को मिला। प्रथम स्थान प्राप्त फिल्म में नशे की हालत में एक व्यक्ति को उसके बच्चे की नजर से दिखाते हुए बड़ों के व्यवहार का बच्चों पर पड़ने वाला प्रभाव बताया गया।

## कर्मचारी हितों को ध्यान में रखा जाए : मंडल रेल प्रबंधक

**मुरादाबाद।**
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय मुरादाबाद के मनन सभागार में मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के साथ दो दिवसीय स्थाई वार्ता तंत्र का शुभारम्भ गुरुवार को हुआ। प्रथम दिन की बैठक में मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने मण्डल में किये जा रहे रेल विकास सम्बन्धी एवं कर्मचारी हितों में किये जा रहे कार्यों का बैठक में विस्तार पूर्वक वर्णन किया।
मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि सुगम तथा सुगंठित रेल




कार्यप्रणाली के संचालन एवं कर्मचारी हितों को ध्यान में रखते हुए उनको लाभान्वित करने के दृष्टिकोण से यह दो दिवसीय वार्ता तंत्र का आयोजन किया जा रहा है क
इस दो दिवसीय वार्ता तंत्र में प्रशासन सम्बन्धी अनेक महत्वपूर्ण विषयों के साथ-साथ रेल कर्मियों के हित एवं कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों एवं यूनियन के पदाधिकारियों के मध्य विस्तारपूर्वक चर्चा हुई क यूनियन ने अपनी अनेक मांगों से प्रशासन को अवगत कराया एवं प्रशासन द्वारा इन मांगों को नियमानुसार पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया।
स्थाई वार्ता तंत्र के इस दो दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) प्रेम शंकर झा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (ओपी) पारितोष गौतम सहित मण्डल के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष तथा उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के मंडल अध्यक्ष एसके उपाध्याय, मंडल मंत्री धर्मवीर सिंह सहित मण्डल संगठन के पदाधिकारी एवं शाखाओं के शाखा अध्यक्ष एवं शाखा मंत्री उपस्थित रहे।

## सेवा दिवस पर हमीरपुर में आशीर्वाद का दीया अभियान मे जलाये गये दीये

**हमीरपुर।**
उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले मे गुरुवार को देर शाम सेवा संकल्प अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सेवा दिवस के अवसर पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से सेवा, स्वच्छता, सद्भाव एवं सामूहिक सहभागिता का संदेश देते हुए जिले के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर दीप प्रज्वलित किए गए।
जनपद मुख्यालय सहित नगर निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत भवनों, गौशालाओं, अन्नपूर्णा भवनों, पार्कों, कॉम्प्लेक्सों, सरोवरों, सरकारी एवं शिक्षण संस्थानों, चिकित्सा परिसरों, तीर्थ स्थलों तथा विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित परिवारों एवं आमजन के घरों में आशीर्वाद के दीय प्रज्वलित किए गए।
नगर पालिका परिषद राठ के चौपरा मंदिर (चौपरेश्वर) परिसर में विधायक राठ मनीषा अनुरागी, नगर पालिका अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी एवं पालिका कर्मचारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सेवा एवं स्वच्छता के संकल्प के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।
नगर पालिका परिषद चेयरमैन कुलदीप निषाद, भाजपा जिलाध्यक्ष शंकुतला निषाद, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं द्वारा यमुना तटबंध, चौरा देवी मंदिर परिसर एवं कल्पवृक्ष सहित प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों पर दीप प्रज्वलित किये गये।

# रंगमंच समाज को जोड़ने और विसंगतियों पर सवाल उठाने का सशक्त माध्यम : हर्षवर्धन बाजपेयी

## पाकिटमार रंगमंडल’ ने व्यक्ति के बदलाव और समाज की स्वीकार्यता के द्वंद्व को किया उजागर

**प्रयागराज।**
रंगमंच समाज को जोड़ने के साथ-साथ सामाजिक विसंगतियों पर सवाल उठाने का सशक्त माध्यम है। कला केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहती, बल्कि व्यक्ति के भीतर बदलाव की संभावना भी पैदा करती है। यह बातें शहर उत्तरी के विधायक इं. हर्षवर्धन बाजपेयी ने गुरुवार को कहीं। वह आस्था समिति की ओर से उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के प्रेक्षागृह में आयोजित पाकिटमार रंगमंडल नाटक के मंचन के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।



असगर वजाहत द्वारा लिखित और शरद कुशवाहा के निर्देशन में प्रस्तुत नाटक में समाज के सामने एक गंभीर सवाल रखा गया। कहानी एक ऐसे युवक के इर्द-गिर्द घूमती है, जो जेबकतरी को अपना पेशा बना चुका है। एक दिन वह नाटक देखता है और रंगमंच का प्रभाव उसके जीवन में बदलाव की शुरूआत करता है। वह अपराध की दुनिया छोड़कर रंगमंच से जुड़ता है और अपनी नाट्य मंडली का नाम पाकिटमार रंगमंडल रखता है।
नाटक के माध्यम से दिखाया गया कि समाज अपराधी के सुधरने की बात तो करता है, लेकिन उसके बदल जाने के बाद भी उसे उसके पुराने अतीत से मुक्त नहीं करता। यही स्थिति उसके सामने नई जिंदगी शुरू करने में चुनौती बनकर खड़ी होती है। प्रस्तुति ने यह भी सवाल उठाया कि जब कला और रंगमंच किसी व्यक्ति को बदलने की क्षमता रखते हैं तो समाज उसे स्वीकार करने में पीछे क्यों रहता है।
विशिष्ट अतिथि डॉ. विभा मिश्रा, सहायक निदेशक, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा कि रंगमंच समाज में संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। नाटक में व्यक्ति के परिवर्तन और समाज की स्वीकार्यता के बीच का द्वंद्व प्रभावी ढंग से सामने आया।
वरिष्ठ चित्रकार एवं रंगकर्मी अजामिल व्यास ने कहा कि रंगमंच की ताकत उसके जीवंत संवाद और मानवीय संवेदनाओं में है। संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ लोक नाट्यकर्मी अतुल यदुवंशी ने कहा कि भारतीय रंगपरंपरा हमेशा समाज को दिशा देती रही है। वरिष्ठ नाट्य निर्देशक शैलेश श्रीवास्तव ने कहा कि नाटक की सफलता इस बात से तय होती है कि वह दर्शकों के मन में कितनी देर तक बना रहता है।
नाटक में भगवान की भूमिका में हर्षराज पाल, मुन्ना त्यागी के रूप में ऋतिक श्रीवास्तव, आबदा की भूमिका में शालिनी मिश्रा और नसरीन की भूमिका में दिव्या शुक्ला ने प्रभावी अभिनय किया। आयुष केसरवानी, मो. आबिद, सत्यम राय, अजय कुमार, आदित्य कुमार सिंह और वंशिका गिरी का अभिनय भी सराहनीय रहा।

# समाहरणालय परिसर में सामूहिक श्रमदान, 31 अक्टूबर तक चलेगा विशेष स्वच्छता अभियान



**आरा।** समाहरणालय परिसर में बुधवार को ह्यस्वच्छता ही सेवाह्न अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वच्छता शपथ के साथ हुई। इसके बाद जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने समाहरणालय परिसर में सामूहिक श्रमदान किया। उन्होंने स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान में सहभागिता की और ह्यस्वच्छता ही सेवाह्न विषय पर बनाई गई रंगोली का निरीक्षण किया।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता (राजस्व), अपर समाहर्ता (आपदा), अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नगर आयुक्त समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। नगर निगम, जिला गंगा समिति और जिला जल एवं स्वच्छता समिति के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में स्काउट्स एंड गाइड्स, एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना, गंगा दूत और स्थानीय युवाओं ने भी भाग लिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी है। सामूहिक सहभागिता से ही स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण बनाया जा सकता है।

17 सितंबर से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान

जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर और 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विभिन्न चरणों में विशेष स्वच्छता अभियान चलेगा। इस दौरान पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक स्थलों, गंगा घाटों और जलाशयों की साफ-सफाई के साथ जागरूकता गतिविधियां होंगी।

बच्चों और युवाओं की सहभागिता से खेल, पेंटिंग व रंगोली प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। 'एक दिन, एक स्थान, एक समय' कार्यक्रम के तहत 1 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट घाट पर वृहद स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## घोड़पोखर में दो फरार आरोपितों के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई

**आरा।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के घोड़पोखर गांव में पुलिस ने फरार एवं वांछित आरोपितों के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। कार्रवाई अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-01 के नेतृत्व में की गई। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित के अनुसार उदवंतनगर थाना कांड संख्या 160/26 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 के तहत दर्ज मामले में दो आरोपित लंबे समय से फरार चल रहे थे। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस टीम ने आरोपित संजय सिंह पिता चंदेश्वर सिंह तथा गोधन सिंह पिता चंदेश्वर सिंह दोनों निवासी घोड़पोखर थाना उदवंतनगर जिला भोजपुर के घरों पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। वहीं, इसी कांड में संलिप्त एक अन्य आरोपित रहीश यादव पिता विनोद सिंह ने कुर्की की कार्रवाई के भय से आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फरार आरोपितों के विरुद्ध न्यायालय के आदेश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं भोजपुर पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि असामाजिक तत्वों अथवा अपराधियों से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस ने सूचना देने के लिए भोजपुर पुलिस हेल्पलाइन नंबर 9031826677 जारी किया है।

## अवैध जुआ खेलते दो गिरफ्तार, 23,134 रुपये बरामद

**आरा।** नवादा थाना पुलिस ने अवैध जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 23,134 रुपये नकद और एक काले रंग का कैलकुलेटर बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित के अनुसार नवादा थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि करमनटोला मोहल्ला स्थित मोती सिनेमा गली में कुछ लोग लॉटरी (गेमिंग) खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए तत्काल कार्रवाई की। पुलिस टीम को देखते ही मौके पर मौजूद चार-पांच लोग भागने लगे। पुलिस बल के सहयोग से दो लोगों को पकड़ लिया गया, जबकि अन्य भागने में सफल रहे। पूछताछ के दौरान पकड़े गए दोनों व्यक्तियों ने जुआ खेलने और खेलाने में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। तलाशी लेने पर दोनों के पास से कुल 23,134 रुपये और एक काले रंग का कैलकुलेटर बरामद हुआ। इस संबंध में आरा नवादा थाना कांड संख्या 710/26, दिनांक 16 सितंबर 2026 के तहत बंगाल पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट, 1867 की धारा 3/4 में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार जुआरियों में आरा करमन टोला निवासी संतोष कुमार के पुत्र शनि कुमार और आरा अबरपुल निवासी स्वर्गीय मोहम्मद सफीर के पुत्र मोहम्मद लतीफ शामिल हैं।

## अमानवीय तरीके से ले जाए जा रहे 24 भैंसों से लदा ट्रक बरामद

**आरा।** भोजपुर पुलिस ने पशु क्रूरता और अवैध पशु तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जगदीशपुर थाना क्षेत्र से 24 भैंसों से लदा एक ट्रक बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित के अनुसार ट्रक में भैंसों को अमानवीय तरीके से लादकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान ट्रक संख्या BR 24 GB 6820 को जब्त कर लिया। वाहन से कुल 24 भैंस बरामद की गईं।

मामले में जगदीशपुर थाना में कांड संख्या 308/26, दिनांक 16 सितंबर 2026 दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 325 तथा पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11(1)(a), (b), (c), (e) एवं (f) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके बाद मामले में विधिसम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई को पशु क्रूरता एवं अवैध पशु तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत महत्वपूर्ण कार्रवाई बताया गया है। पुलिस द्वारा बरामद पशुओं को सुरक्षित रखने की दिशा में भी आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## बाला जी स्टील वर्क्स में विश्वकर्मा जयंती पर पूजा-पाठ का आयोजन

**आरा।** विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 17 सितंबर को न्यू पुलिस लाइन रोड स्थित बाला जी स्टील वर्क्स के परिसर में विधि-विधान से पूजा-पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले किया गया। इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि और प्रतिष्ठान की उन्नति की कामना की गई।

आयोजन में भारतीय मजदूर संघ, भोजपुर इकाई के जिला समन्वयक अशोक कुमार मिश्र की प्रमुख भूमिका रही। संघ के सक्रिय सहयोगी डॉ. जितेंद्र शुक्ला भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बाला जी स्टील वर्क्स के प्रोपराइटर मदन कुमार, विवेक कुमार एवं अनिल कुमार सहित प्रतिष्ठान के कर्मचारी सगुन कुमार, बिट्टू मिस्त्री, जय प्रकाश मिस्त्री, आसीन, राजा, दीपु कुमार आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

पूजा-पाठ के बाद उपस्थित लोगों ने भगवान विश्वकर्मा से सभी के सुख-समृद्धि एवं कार्यक्षेत्र में प्रगति की कामना की।

के बाद उपस्थित सभी लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। विद्यालय परिवार के सदस्यों ने भगवान विश्वकर्मा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके बताए कर्म और निर्माण के महत्व को भी स्मरण किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

## छपरा के सुनारपट्टी में दुकान की तीसरी मंजिल पर लगी आग



**सारण।**

शहर के व्यस्ततम सुनारपट्टी क्षेत्र स्थित राजेश प्रसाद की दुकान की तीसरी मंजिल पर अचानक भीषण आग लग गई। घटना के समय दुकान मालिक नीचे ही मौजूद थे। बताया जा रहा है कि आग ऊपरी मंजिल पर स्थित किचन से शुरू हुई, जिसका प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

सूचना मिलते ही अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी सूरज कुमार के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड की दो बड़ी और एक छोटी गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी सूरज कुमार ने बताया कि संकरी गली होने के कारण दमकलकर्मियों ने स्थानीय निवासियों के सहयोग से बगल के मकान की छत पर चढ़कर मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया।

## सरस्वती विद्या मंदिर में विश्वकर्मा पूजा, यंत्रों की साफ-सफाई कर की गई पूजा-अर्चना




**आरा।** सिंगही स्थित राजकेश्वर सिंह चुनमुन देवी सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर सृष्टि के निर्माणकर्ता भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना भक्तिभाव से की गई। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय परिसर में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा।

विद्यालय के सभी वाहनों, संगणक कक्ष, जनरेटर तथा अन्य उपयोगी यंत्रों की पहले साफ-सफाई की गई। इसके बाद पूरे विधि-विधान के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई। पूजा-अर्चना का आयोजन विद्यालय के आचार्य राकेश रंजन मिश्र के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने वैदिक विधि-विधान के अनुसार सभी यंत्रों एवं उपकरणों की पूजा कराई। इस दौरान विद्यालय परिवार के सदस्यों ने भगवान विश्वकर्मा से संस्थान की प्रगति, सभी कर्मचारियों के सुख-समृद्धि तथा वाहनों एवं उपकरणों के सुरक्षित संचालन की कामना की। पूजा कार्यक्रम में आचार्य वीरेंद्र पांडेय, प्रमोद कुमार, धीरज कुमार सिंह, विद्यालय के सभी वाहन चालक, सेविकाएं सहित अन्य कर्मचारी शामिल हुए। प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने भी पूरे भक्तिभाव के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। पूजा के बाद उपस्थित सभी लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। विद्यालय परिवार के सदस्यों ने भगवान विश्वकर्मा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके बताए कर्म और निर्माण के महत्व को भी स्मरण किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

## लोक शिकायत की द्वितीय अपील के 17 मामलों की सुनवाई, सात का निष्पादन



**आरा।** बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने द्वितीय अपील के 17 मामलों की सुनवाई की। इनमें राजस्व एवं भूमि सुधार, गृह, ऊर्जा, शिक्षा तथा समाज कल्याण विभाग से जुड़े मामले शामिल थे।

सुनवाई के दौरान जिला पदाधिकारी ने अपीलार्थियों द्वारा उठाए गए बिंदुओं की जानकारी ली तथा संबंधित विभागों की ओर से की गई कार्रवाई और उपलब्ध अभिलेखों की समीक्षा की। सुनवाई के क्रम में कुल सात मामलों का निष्पादन किया गया। डीएम ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को शेष लंबित मामलों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने मामलों के निस्तारण में उपलब्ध अभिलेखों और संबंधित परिस्थितियों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। इस दौरान अपर समाहर्ता-सह-लोक शिकायत निवारण बलदेव चौधरी, सहायक समाहर्ता अमित मीणा सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पिपरपांती में कटाव नियंत्रित, 24 घंटे निगरानी में बाढ़ संघर्षात्मक कार्य जारी




**आरा।** जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा के निर्देश पर पिपरपांती में बाढ़ संघर्षात्मक कार्य लगातार जारी है। प्रशासन के अनुसार फिलहाल स्थल पर कटाव नियंत्रित है और स्थिति सुरक्षित बनी हुई है।

बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, आरा की टीम द्वारा स्थल पर लगातार आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। स्थिति पर 24 घंटे निगरानी रखने के लिए तीन पालियों में संबंधित टीमों की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रतिनियुक्त कर्मी स्थल पर लगातार निगरानी रखते हुए आवश्यकता के अनुसार तत्काल कार्रवाई कर रहे हैं।

जिला प्रशासन की ओर से पिपरपांती की स्थिति की निरंतर समीक्षा की जा रही है। प्रशासन ने बताया कि परिस्थितियों के अनुरूप बाढ़ संघर्षात्मक कार्य आगे भी जारी रखा जाएगा।

# दो वाहनों से 1871 लीटर विदेशी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार




**आरा।** भोजपुर में मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो वाहनों से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान दो चालकों को गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब की कुल मात्रा 1871.400 लीटर बताई गई है, जिसका बाजार मूल्य करीब 23 लाख रुपये आंका गया है। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा के आदेश पर चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के दौरान 16 सितंबर को बक्सर-पटना फोरलेन पर कार्रवाई की गई। ज्ञानपुर पुल के पास गीधा थाना क्षेत्र में चार पहिया टैंक संख्या BR06GE-8016 की जांच में गुप्त तहखाने से 867.600 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। वहीं गजराजगंज ओवरब्रिज के पास 12 चक्का ट्रक संख्या UP60T-2360 से 1003.800 लीटर शराब बरामद की गई। मामले में चन्दन कुमार, निवासी गिरिधर बरांव, थाना सोनवर्षा, बक्सर और वेद प्रकाश यादव, निवासी नवा डेरा, थाना नया भोजपुर, बक्सर को गिरफ्तार किया गया। दोनों को अग्रतर कार्रवाई के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जब्त शराब में ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की 180 एमएल के 5568 पीस, रॉयल स्टैग 375 एमएल के 144 पीस, किंगफिशर बीयर 500 एमएल के 1122 पीस, रॉयल स्टैग 750 एमएल के 120 पीस और 8 पीएम स्पेशल व्हिस्की 180 एमएल के 912 पीस शामिल हैं। कुल 7866 पीस शराब बरामद हुई है। विभाग के अनुसार शराब उत्तर प्रदेश से बिहार लाई जा रही थी। कार्रवाई में निरीक्षक प्रकाश चन्द्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा सहित मद्यनिषेध सिपाही, सैप एवं होमगार्ड के जवान शामिल थे। विभाग ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# 11 हजार दीयों से जगमग हुआ बबुरा फोरलेन पुल, गंगा महाआरती में उमड़े कार्यकर्ता



**आरा/बड़हरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर भाजपा की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत बड़हरा में ह्यआशीर्वाद का दीयाह्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कोईलवर-छपरा फोरलेन स्थित बबुरा पुल पर 11 हजार दीये जलाए गए। इससे पुल का करीब दो किलोमीटर क्षेत्र दीपों से जगमगा उठा। कार्यक्रम की शुरूआत विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने दीप जलाकर की। इसके बाद सैकड़ों कार्यकताओं ने 11 हजार दीये प्रज्वलित किए।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना को लेकर नारे लगाए गए। दीप प्रज्वलन के बाद बबुरा पुल पर मां गंगा की महाआरती की गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडितों ने विधि-विधान से आरती कराई। विधायक समेत उपस्थित लोगों ने मां गंगा की आरती में भाग लिया। विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर बड़हरा की जनता और कार्यकताओं के साथ 11 हजार दीप जलाकर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना की गई।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

उन्होंने मां गंगा से प्रधानमंत्री के यश, स्वास्थ्य और दीघार्यु तथा देश के विकसित राष्ट्र बनने की प्रार्थना की। कार्यक्रम में संजय कुमार सिंह, संजय तिवारी, शुभम पांडेय, टुनटुन बिंद, रंजीत गुप्ता, हरेराम चंद्रवंशी, यशवंत नारायण, सतेन्द्र पांडेय, संतोष सिंह संटु, नवीन सिंह, बबली सिंह, प्रशांत सिंह, संदीप कुमार, धर्मवीर, दुर्गा पटेल, निशांत, रघुवीर, मनोज सिंह, रामायण सिंह, पिंटु कुमार, सुनील कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं लोग मौजूद रहे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना




**आरा।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज आयोजित कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, भोजपुर श्री मनेश कुमार मीणा द्वारा स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्वच्छता रथ के माध्यम से आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण का संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छता के महत्व को लेकर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति भी की गई।

नाटक के माध्यम से स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ एवं बेहतर समाज की आधारशिला है।

स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक सहभागिता का विषय है। उन्होंने आमजन से अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अरुण प्रकाश, सहायक समाहर्ता अमित मीणा एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 16,122 हैलोजन टैबलेट वितरित, 130 किलो से अधिक ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव



**आरा।** बाढ़ का पानी घटने के साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल को लेकर जिला प्रशासन ने निरोधात्मक कार्रवाई तेज कर दी है। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा के निर्देश पर जलजमाव, गंदगी और दूषित पानी से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं तथा संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

प्रशासन के अनुसार भोजपुर के छह बाढ़ प्रभावित अंचलों में अब तक 16,122 हैलोजन टैबलेट वितरित की जा चुकी हैं। इसके माध्यम से प्रभावित परिवारों को पेयजल शुद्ध कर सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं, प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर 130 किलोग्राम से अधिक ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया है। जलस्तर कम होने वाले इलाकों में साफ-सफाई, ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव और पेयजल शुद्धिकरण को प्राथमिकता दी जा रही है।

संबंधित पदाधिकारी और कर्मी इन कार्यों की लगातार निगरानी कर रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई लगातार जारी रखने की बात कही गई है।

# मानसिक क्रूरता के पर्याप्त साक्ष्य न हों तो यह तलाक का आधार नहीं बन सकता: झारखंड हाईकोर्ट

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट ने वैवाहिक विवाद से जुड़े एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि पत्नी का एक ही मकान में पति से अलग रहना, वैवाहिक संबंधों में दूरी बनाना या पति के परिजनों के साथ कथित दुर्व्यवहार मात्र मानसिक क्रूरता साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं है। तलाक के लिए क्रूरता का आरोप ठोस, विशिष्ट और विश्वसनीय साक्ष्यों से साबित करना जरूरी है। अदालत ने इस आधार पर पति की तलाक संबंधी अपील खारिज करते हुए रांची फैमिली कोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें तलाक की याचिका खारिज कर दी गई थी।

न्यायालय ने कहा कि वैवाहिक जीवन में सामान्य मतभेद, छोटी-मोटी परेशानियां, स्वभावगत असहमति या पति-पत्नी के बीच असंगति को अपने आप मानसिक क्रूरता नहीं माना जा सकता। क्रूरता का स्तर इतना गंभीर होना चाहिए कि परिस्थितियों में पति-पत्नी का साथ रहना उचित रूप से असंभव हो जाए। तलाक के लिए लगाए गए आरोपों को साबित करने की जिम्मेदारी उस पक्ष की है, जो क्रूरता को आधार बनाकर विवाह विच्छेद की मांग कर रहा है। मामला डॉक्टर पति डॉ मयंक और सहायक प्रोफेसर पत्नी रीमा से जुड़ा है। दोनों का विवाह 28 जुलाई 2011 को विशेष विवाह अधिनियम के तहत हुआ था। इसके बाद हिंदू रीति-रिवाज से भी विवाह हुआ। पति ने विशेष




विवाह अधिनियम की धारा 27(1)(डी) के तहत क्रूरता को आधार बनाकर रांची फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी दी थी। फैमिली कोर्ट ने 20 मार्च 2023 को उनकी याचिका खारिज कर दी थी, जिसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में अपील की थी। पति का आरोप था कि पत्नी उसके वृद्ध और बीमार माता-पिता के साथ दुर्व्यवहार करती थी, वैवाहिक संबंध बनाने से इनकार करती थी और वर्ष 2012 के बाद दोनों के बीच कोई शारीरिक संबंध नहीं रहा। उसका यह भी दावा था कि पत्नी एक ही मकान में अलग चूल्हा-चौका चलाती थी और उससे बातचीत नहीं करती थी।

पति ने कहा था कि इन परिस्थितियों से उसे मानसिक परेशानी हुई और उसकी पढ़ाई तथा करियर भी प्रभावित हुआ। पत्नी ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा था कि शादी के लिए उसके पिता ने 10 लाख रुपए दिए थे और इसके बावजूद पढ़ाई के नाम पर पैसे की मांग की गई। उसने पति की पढ़ाई के लिए ऋण लेने और ससुराल की देखभाल करने का भी दावा किया। पत्नी ने प्रताड़ना के आरोप में बरियातू थाने में मामला दर्ज कराया था। उसने अदालत से कहा कि वह अब भी पति के साथ रहना चाहती है।

हाईकोर्ट ने रिकॉर्ड और गवाहों के बयानों की समीक्षा के बाद पति के आरोपों को सामान्य और अस्पष्ट पाया। अदालत ने कहा कि कोई ऐसी विशिष्ट घटना या ठोस साक्ष्य सामने नहीं आया, जिससे पत्नी के व्यवहार को वैवाहिक जीवन जारी रखने के लिहाज से गंभीर मानसिक क्रूरता माना जा सके। इस आधार पर खंडपीठ ने फैमिली कोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप से इनकार करते हुए अपील खारिज कर दी।

## झारखंड: चतरा में 24 वर्षीय युवक का शव कुएं से बरामद, दोस्तों पर साजिश के तहत हत्या का आरोप

**चतरा ।** झारखंड के जनपद चतरा में एक 24 वर्षीय युवक का शव कुएं से बरामद हुआ है। युवक बुधवार दोपहर को अपने घर से निकला था। फिलहाल, युवक का शव मिलने से इलाके में दहशत है। यह मामला चतरा के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड के पास की है। मृतक युवक की पहचान 24 वर्षीय सन्नी यादव के रूप में हुई है, जो किशनपुर मोहल्ले (वार्ड 22) का रहने वाला था। परिवार में माता-पिता के अलावा दो बहनें थीं। मृतक के पिता भरत यादव ने बताया कि वह दोपहर में ही निकला था। पूछने पर उसने बताया कि वह जल्दी घर आ जाएगा। बुधवार रात को उसे 8 बजे कॉल किए गए, लेकिन उसका फोन नहीं लगा। सुबह ग्रामीणों ने बताया कि सनी यादव का शव कुआं में पड़ा हुआ है।

सन्नी के दोस्तों पर ही साजिश के तहत हत्या कर शव को कुएं में फेंकने का गंभीर आरोप लगा है।

इस घटना से करीब 6 महीने पहले सन्नी की चाची की भी संदिग्ध हालत में हत्या कर दी गई थी। शुरूआत में आक्रोशित परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी नहीं थे, लेकिन एएसआई दुखी राम महतो के समझाने-बुझाने पर वे मान गए। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया है।

पुलिस का कहना है कि परिजनों के लिखित आवेदन और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले की गहन तफ्तीश कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले, धनबाद के बलियापुर में ढांगी पहाड़ी की तलहटी के पास एक युवती का सिर कटा हुआ शव मिला था। 11 सितंबर को बलियापुर थाना प्रभारी को सूचना मिली थी कि ढांगी पहाड़ी की तलहटी के पास एक युवती का सिर कटा शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी।

इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार युवती ने प्रेम विवाह किया था, जिससे उसके पति के पिता संतोष रवानी नाराज थे। आरोप है कि इसी नाराजगी में युवती को रास्ते से हटाने के लिए साजिश रची गई और उसकी हत्या कर शव को ठिकाने लगाने की कोशिश की गई।

## भाजपा झारखंड प्रदेश के अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त अध्यक्ष ने संभाला कार्यभार




**रांची।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त अध्यक्ष ताजदार आलम ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पदग्रहण सह अभिनंदन समारोह में विधिवत रूप से कार्यभार संभाल लिया।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने ताजदार आलम को बधाई देते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि आप पार्टी की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरेंगे। विपक्षियों के जरिये भाजपा के खिलाफ अल्पसंख्यक वर्ग के सदस्यों के बीच जो जहर बोया गया है उसे निकालने का आह्वान उन्होंने अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकताओं से किया।

उन्होंने कहा कि विपक्षी दल आपके बीच भाजपा का भय दिखाकर वोट लेने का काम करते रहे हैं। इन दलों को विकास से कुछ लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 वर्षों के अपने सार्वजनिक जीवन में कभी अल्पसंख्यक समुदाय के साथ भेदभाव नहीं किया है। उनकी योजनाओं का लाभ हर वर्ग के लोग उठा रहे हैं।

संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि हमारा संगठन सशक्त बने। सभी कार्यकताओं को ताजदार आलम का साथ देकर लोगों को जोड़ने और संगठन को मजबूत करने का काम करना है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सभी समाज को साथ लेकर चले हैं सबके लिए काम किये हैं। किसी के साथ कभी कोई भेदभाव नहीं किया।

प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा ने कहा कि आज समाज टूट रहा है, देश कमजोर हो रहा है, इसके कई कारण हो सकते हैं। इसे बचाने के लिए पहले भाजपा संगठन से जुड़ें, भाजपा को समझें,इसकी नीतियों का बारीकी से अध्ययन करें कि कैसे भाजपा समाज को आगे ले जाने के लिए नीतियां बनाती है। उन्होंने कहा कि विरोधी दल केवल अल्पसंख्यक समाज की भावना को भड़काने का काम करते हैं।

वहीं नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ताजदार आलम ने केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे जैसे एक छोटे से कार्यकर्ता को आज भाजपा ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि जो भरोसा मेरे ऊपर किया गया है, वे उस भरोसा को कम नहीं होने देंगे।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की सभी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने भी फायदा उठाया है। वह इन सभी बातों को लेकर मुस्लिम के बीच जाएंगे और मुस्लिम समुदाय और भाजपा के बीच व्याप्त दूरी को कम करने की दिशा में काम करेंगे। इसके लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से मुस्लिम समुदाय को मिले लाभ की 'हकीकत' लोगों तक मोर्चा के माध्यम से पहुंचाई जाएगी।

उन्होंने आगामी 2029 के लोकसभा एवम विधानसभा चुनाव को लेकर मोर्चा की रणनीति के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में अल्पसंख्यक मोर्चा का खास फोकस प्रदेश की अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में होगा। समाज के लोगों को झामुमो और कांग्रेस के द्वारा मुस्लिम समुदाय के साथ किए छल को बताने का काम किया जाएगा।

इस दौरान रिसालदार बाबा के मजार पर मोदी के नाम पर चादर चढ़ाई गई और लंबी उम्र की दुआ मांगी गई।

## झारखंड के चक्रधरपुर में महिला पर्यवेक्षिका की धारदार हथियार से हत्या, आरोपी प्रेमी मौके से पकड़ा गया

**चाईबासा, ।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर में गुरुवार दोपहर अनिता बिंद नामक युवती की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। वारदात के बाद भाग रहे एक युवक को स्थानीय लोगों ने पीछा कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पूछताछ में खुद को मृतका का प्रेमी बताया है। अनिता बिंद पश्चिमी सिंहभूम के सोनुआ प्रखंड में महिला पर्यवेक्षिका के तौर पर पदस्थापित थीं।

वह मूलरूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली थीं और करीब 15 दिन से चक्रधरपुर के शीतला मंदिर ग्वाला पट्टी, वार्ड संख्या सात में संजय साव के मकान में बतौर किराएदार रह रही थीं। पुलिस के अनुसार, गुरुवार



दोपहर करीब दो बजे अनिल कुमार नामक युवक अनिता से मिलने उनके कमरे पर पहुंचा था। कुछ देर बाद मकान के ऊपरी हिस्से से चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। इसी बीच युवक को मकान से निकलकर भागते देख आसपास के लोगों ने उसका पीछा किया और पकड़ लिया। पड़ोसियों के कमरे में पहुंचने पर अनिता खून से लथपथ गंभीर हालत में मिलीं। उनके शरीर पर धारदार हथियार से किए गए वार के निशान थे।

सूचना मिलने पर चक्रधरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है।

पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार बिंद को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में मृतका और आरोपी दोनों के उत्तर प्रदेश का निवासी होने की जानकारी सामने आई है।

पुलिस हत्या के कारणों और वारदात में इस्तेमाल हथियार का पता लगाने में जुटी है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी से पूछताछ की जा रही है और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या की परिस्थितियों को स्पष्ट किया जाएगा। पुलिस मृतका और आरोपी के बीच संबंध तथा हत्या के पीछे की वजह की भी जांच कर रही है।

## रांची में आरएसएस दफ्तर पर हमले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 4 राज्यों में ईडी की रेड

**रांची ।** रांची के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कार्यालय पर जून में हुए पेट्रोल बम हमले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। एजेंसी ने मनी लॉन्ड्रिंग और संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के एंगल से दिल्ली, बिहार, झारखंड और कर्नाटक में चार परिसरों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से दर्ज मामले से जुड़ी है। ईडी की टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर संदिग्धों से जुड़े परिसरों की तलाशी ली।

अधिकारियों के मुताबिक, जांच के दौरान दस्तावेजों, डिजिटल उपकरणों और कथित संदिग्ध वित्तीय लेन-देन से जुड़े साक्ष्यों की पड़ताल की जा रही है। एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हमले की साजिश या उसे अंजाम देने के लिए किसी तरह की अवैध फंडिंग या मनी लॉन्ड्रिंग का इस्तेमाल तो नहीं



किया गया। रांची के निवारणपुर स्थित आरएसएस के प्रांतीय कार्यालय पर 16 जून की रात पेट्रोल बम फेंके गए थे। एनआईए के आधिकारिक रिकॉर्ड में इस मामले को आरसी-01/आरसी-01/ 2026/ एनआईए/ आरएनसी के तौर पर दर्ज किया गया है। मामले की शुरूआती जांच में रांची पुलिस ने तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया था। बाद में एनआईए ने जांच अपने हाथ में लेकर हमले के पीछे की कथित साजिश, आरोपियों के नेटवर्क और अंतरराज्यीय कनेक्शन की जांच शुरू की।

जुलाई में एनआईए ने आरोपियों से पूछताछ के बाद मामले से जुड़े अन्य लोगों और डिजिटल उपकरणों की भी जांच आगे बढ़ाने की बात कही थी। जांच के दौरान कथित अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की बात भी सामने आई है। विभिन्न जांच रिपोर्टों में आरोपियों से पूछताछ के आधार पर पाकिस्तान स्थित कथित हैंडलर और अन्य लोगों से संपर्क के दावे किए गए हैं। हालांकि, इन दावों की अंतिम पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। इससे पहले एनआईए इस मामले में कई राज्यों में तलाशी अभियान चला चुकी है। इसी महीने पटना में भी एजेंसी ने कुछ परिसरों की तलाशी ली थी और लाखों रुपए बरामद किए थे।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर प्रदेश भाजपा ने आयोजित किए कई कार्यक्रम, कार्यकताओं ने जलाया आशीर्वाद का दीया

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को यादगार और ऐतिहासिक रूप से मनाने के लिए गुरुवार को प्रदेश भाजपा की ओर से पूरे राज्य में कई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को एक उत्सव के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर राज्य के लाखों घरों में आशीर्वाद का दीया प्रज्वलित हुआ और सभी ने नरेंद्र मोदी के दीघार्यु जीवन की कामना की।

इस दौरान राज्य भर के मठ, मंदिर, घरों, कार्यालयों और प्रतिष्ठानों में भाजपा के कार्यकर्ता आम जनता के साथ मिलकर आशीर्वाद का दीया' जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।

वहीं कार्यक्रम के तहत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने अपने आवास के अलावा रांची पश्चिमी जिला अंतर्गत कुच्चू मंडल के दुर्गा मंदिर में, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने आवास और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के साथ रांची महानगर स्थित अल्बर्ट एक्का चौक पर एवं राष्ट्रीय मंत्री प्रदीप वर्मा ने सरला बिरला विवि में आयोजित दीपोत्सव में शामिल हुए।

**अल्बर्ट एक्का चौक पर जलाये गए 21 हजार दीये**

साथ ही पार्टी के हर बूथ और गांव एवं शहरों में लाभार्थियों ने भी घरों के आंगन और सार्वजनिक स्थलों पर दीप जलाए।

इधर, रांची महानगर के अल्बर्ट एक्का चौक पर 21 हजार दीये जलाये गए। साथ ही पूरी के सैंड आर्ट के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों के द्वारा रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर अपनी कला से बालू से प्रधानमंत्री की तस्वीर बना कर उन्हें आशीर्वाद दिया।

वहीं रांची महानगर के अल्बर्ट एक्का चौक, जेल मोड़, रातू फ्लाई ओवरब्रिज, लाइट हाउस जगनाथपुर, रांची पश्चिमी जिला के कुजू स्थित दुर्गा मंदिर, कोडरमा के आरपीआई ग्लोबल स्कूल, धनबाद के राम मंदिर चिटाही धाम सहित पूरे राज्य में दीपोत्सव का कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इसे लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय को भी भव्य तरीके से सजाया गया।

इस अवसर पर झारखंड़ प्रदेश कार्यालय सहित पूरे राज्य में युवा मोर्चा ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। प्रदेश कार्यालय में ऑर्किड ब्लड सेंटर के माध्यम से आयोजित रक्तदान शिविर में प्रदेश उपाध्यक्ष भानुप्रताप शाही और महामंत्री अमर कुमार बाउरी सहित पार्टी के सैकड़ों युवा कार्यकताओं ने 50 यूनिट रक्तदान किया।

भाजपा प्रदेश कार्यालय और महिलौंग स्थित सरला बिरला यूनिवर्सिटी में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि हम सभी के लिए गर्व का क्षण है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। पार्टी के कार्यकर्ता इस दिवस को यादगार और ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रदेश भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं।

साहू ने कार्यक्रम की सफलता पर झारखंड की जनता और कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि आशीर्वाद का दीयाह्व जनभागीदारी का उत्सव बन गया। मोदी के प्रति लोगों में अपार स्नेह दिखा। जनता ने नरेंद्र मोदी को अपना आशीर्वाद दिया।

भाजपा कार्यकताओं के साथ झारखंड की जनता ने पूरे उत्साह के साथ इसमें सहभागिता कर इसे यादगार बना दिया।

प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नेतृत्व से देश
**ऊंचाइयों को छू रहा : बाबूलाल**

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नेतृत्व में भारत विकास, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उनके नेतृत्व में ह्यविकसित भारतह्व का संकल्प निरंतर साकार हो रहा है।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि राज्यन के लाखों लोगों ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आशीर्वाद का दीया अपने-अपने घरों में जलाकर उन्हेंर आशीर्वाद दिया।

## लाखों की धोखाधड़ी मामले में महिला सहित दो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**रांची।** राजधानी रांची के अरगोड़ा थाने में 37 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस संबंध में काजल सिंह ने अरगोड़ा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

काजल सिंह की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरती देवी और उनके पति प्रमोद पांडे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316 (2), 318 (4) और 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता काजल सिंह ने पुलिस को बताया है कि दोनों आरोपितों ने अपनी व्यक्तिगत और पारिवारिक जरूरतों का हवाला देकर उनसे रुपये लिए थे।

आरोप है कि रुपये लेते समय आरोपितों ने तय समय पर पूरी रकम वापस करने का भरोसा दिलाया था। भरोसा कर काजल सिंह ने अलग-अलग तिथियों पर आरोपितों को नगद रुपये दे दिए।

## 2.20 करोड़ के इनामी माओवादी नेता असीम मंडल ने पश्चिम बंगाल में किया आत्मसमर्पण

**रांची ।** झारखंड और ओडिशा में कुल 2.20 करोड़ रुपये के इनामी भाकपा (माओवादी) केंद्रीय कमेटी सदस्य असीम मंडल उर्फ आकाश ने बंगाल में आत्मसमर्पण कर दिया है। असीम मंडल पर झारखंड सरकार ने एक करोड़ रुपये और ओडिशा सरकार ने 1.20 करोड़ रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। वह लंबे समय से झारखंड के कोल्हान और सारंडा क्षेत्र में माओवादी गतिविधियों में सक्रिय था। झारखंड पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने असीम के आत्मसमर्पण की पुष्टि की है।

पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले के चंद्रकोना थाना क्षेत्र के उत्तर



फुलचुक गांव निवासी असीम मंडल संगठन में आकाश, तिमिर, मनोज, दीपक और राकेश जैसे नामों से भी जाना जाता है। सुरक्षा बलों के रिकॉर्ड के मुताबिक, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में उसके खिलाफ करीब 55 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। असीम मंडल के खिलाफ झारखंड में सुरक्षाबलों पर हमले और मुठभेड़ से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। इनमें 1 मार्च 2026 को चाईबासा के छोटानागरा थाना क्षेत्र के मारंगपोंगा में हुई मुठभेड़ का मामला भी शामिल है। इसमें 209 कोबरा के एक असिस्टेंट कमांडेंट समेत दो सुरक्षाकर्मी घायल हुए थे।

12 अप्रैल 2025 को चाईबासा के जराइकेला थाना क्षेत्र के राधापोरा में मुठभेड़ के दौरान झारखंड जगुआर का एक जवान शहीद हुआ था। 11 जनवरी 2023 को टोंटो थाना क्षेत्र के तुंबाहाका जंगल में आईईडी विस्फोट और मुठभेड़ में 209 कोबरा के नौ जवान घायल हुए थे।

इसी तरह 31 मई 2020 को कराइकेला थाना क्षेत्र के जोनवा में सुरक्षा बलों पर हुए हमले में एक जवान शहीद हुआ था।

11 जुलाई 2018 को पूर्वी सिंहभूम के एमजीएम थाना क्षेत्र स्थित झाटी पहाड़ी में हुई मुठभेड़ में भी एक जवान की जान गई थी। सुरक्षा एजेंसियां आत्मसमर्पण के बाद असीम मंडल से संगठन के नेटवर्क, ठिकानों और हथियारों से संबंधित जानकारी जुटा रही हैं।

संरक्षक: संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)
सलाहकार संपादक: रिजवान सैफ खान
सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारुकी ,
सह संपादक: राम सिंह यादव
उक्त सभी पद अवैतनिक है

## चेंबर ने केंद्र से की दो हजार से अधिक के यूपीआई लेन-देन पर प्रस्तावित एमडीआर वापस लेने की मांग

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने केंद्र सरकार से दो हजार रुपए से अधिक के चुनिंदा यूपीआई व्यापारी लेन-देन पर प्रस्तावित एमडीआर को वापस लेने की मांग की है।

चेंबर के अध्यक्ष तुलसी पटेल ने इस संबंध में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र भेजकर व्यापार और उद्योग जगत की चिंताओं से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि देश में यूपीआई के व्यापक प्रसार और स्वीकार्यता में व्यापारियों के लिए शून्य एमडीआर व्यवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। छोटे दुकानदारों, व्यापारियों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, खुदरा विक्रेताओं एवं सर्विस सेक्टर के प्रतिष्ठानों ने इसी कारण डिजिटल भुगतान को तेजी से अपनाया है।

चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि दो हजार रुपये से अधिक के चुनिंदा व्यापारी-से-ग्राहक लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर, निर्धारित प्रति-लेन-देन अधिकतम सीमा के अधीन, लागू किए जाने से व्यापारिक प्रतिष्ठानों की परिचालन लागत बढ़ सकती है। किसी एक लेन-देन पर यह राशि भले ही कम दिखाई दे, लेकिन बड़ी संख्या में डिजिटल लेन-देन करने वाले व्यवसायों के लिए इसका संचयी प्रभाव महत्वपूर्ण हो सकता है।

उन्होंने कहा कि खुदरा विक्रेता, थोक व्यापारी, वितरक और सेवा क्षेत्र के अनेक व्यवसाय प्रतिस्पर्धी एवं सीमित लाभांश पर कार्य करते हैं। वर्तमान समय में कर्मचारियों, परिवहन, बिजली, किराया, अनुपालन तथा अन्य परिचालन खर्चों में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में डिजिटल भुगतान स्वीकार करने पर लगने वाली नियमित अतिरिक्त लागत व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर अतिरिक्त आर्थिक भार डाल सकती है।

वित्त मंत्रालय को प्रेषित किये गए पत्राचार में कहा गया कि कई वर्षों से बिना एमडीआर के उपलब्ध यूपीआई भुगतान व्यवस्था ने देश में नकद से डिजिटल भुगतान को मजबूत किया है। ऐसे समय में व्यापारी स्तर पर डिजिटल भुगतान स्वीकार करने की लागत बढ़ने से कुछ क्षेत्रों में व्यापारियों के भुगतान संबंधी व्यवहार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी